(स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं निर्भीक राष्ट्रीय हिन्दी समाचार पत्र)

हिन्दी दैनिक

# बुद्ध का संदेश




शमशेरा का हिस्सा बनना ...8



लखनऊ,कानपुर,कन्नौज,बरेली,सीतापुर,सोनभद्र,गोण्डा,बाराबंकी,बलरामपुर,श्रावस्ती,बहराइच,अम्बेडकरनगर,फैजाबाद, बस्ती, संतकबीरनगर,गोरखपुर,कुशीनगर,देवरिया,महराजगंज,सिद्धार्थनगर में एक साथ प्रसारित।

सोमवार, 03 जनवरी 2022 सिद्धार्थनगर संस्करण | www.budhakasandesh.com | वर्षः 09 अंकः 15 पृष्ठ 8 आमंत्रण मूल्य 2/–रूपया

लखनऊ सुचीबद्ध कोड– SDR-DLY-6849, डी.ए.वी.पी.कोड–133569 | सम्पादक : राजेश शर्मा | उत्तर प्रदेश सरकार एवं भारत सरकार (DAVP) से सरकारी विज्ञापनों के लिए मान्यता प्राप्त

## मेरठ में बोले पीएम मोदी, बेटियों पर फब्तियां कसने वाले खुलेआम घूमते थे, अब योगी सरकार अपराधियों के साथ जेल-जेल खेल रही

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मेरठ में मेजर ध्यानचंद खेल विश्वविद्यालय का शिलान्यास किया। इस दौरान पीएम मोदी ने कहा कि मेरठ की स्पोर्ट्स यूनिवर्सिटी मेजर ध्यानचंद जी को समर्पित की जा रही है। मेजर ध्यानचंद के नाम में शब्द है ध्यान। बिना ध्यान के सफलता नहीं मिलती इसलिए जिस यूनिवर्सिटी का नाम ध्यानचंद से जुड़ा हो वहां ध्यान से काम करने वाले देश का नाम रोशन करेंगे यह मुझे पक्का विश्वास हैशाम होने के बाद अपने घर से निकलने से डरती थीं। आज मेरठ की बेटियां पूरे देश का नाम रौशन कर रही हैं।




योगी सरकार अपराधियों के साथ जेल–जेल खेल रही

पीएम मोदी ने कहा कि पहले की सरकारों में न्च में अपराध ी और माफिया अपना खेल खेलते थे। पहले बेटियां पर फब्तियां कसने वाले खुलेआम घूमते थे। मेरठ और आसपास के लोग भूल नहीं सकते कि पहले उनके घर जला दिए जाते थे। लोग अपना पुश्तैनी घर छोड़कर पलायन के लिए मजबूर हो गए थे। अब योगी आदित्यनाथ की सरकार ऐसे अपराधियों के साथ जेल–जेल खेल रही है। पांच साल पहले इसी मेरठ की बेटियां शाम होने के बाद अपने घर से निकलने से डरती थीं। आज मेरठ की बेटियां पूरे देश का नाम रौशन कर रही हैं। मुलायम पर तंजः अपने संबोधन के दौरान पीएम मोदी ने सपा मुखिया मुलायम सिंह यादव की भी तंज कसा। उन्होंने कहा कि सरकारों की भूमिका अभिभावक की तरह होती है। योग्यता होने पर बढ़ावा भी दे और गलती होने पर ये कहकर ना टाल दे कि लड़कों से गलती हो जाती है। जो पहले सत्ता में थे, उन्होंने आपको गन्ने का मूल्य किस्तों में तरसा तरसा कर दिया. पहले की सरकारों में चीनी मिलें कौड़ियों के दाम बेची जाती थी।

## बिजली एक्सचेंज पीएक्सआईएल में पांच फिसदी की हिस्सेदारी खरीदेगी एनटीपीसी

नयी दिल्ली। सार्वजनिक क्षेत्र की बिजली कंपनी एनटीपीसी की योजना पावर एक्सचेंज ऑफ इंडिया लि. (पीएक्सआईएल) में पांच प्रतिशत इक्विटी हिस्सेदारी का अधिग्रहण करने की है।



एक वरिष्ठ अधिकारी ने यह जानकारी दी। पीएक्सआईएल बिजली कारोबार के कई विकल्प उपलब्ध कराती है। पीएक्सआईएल देश का पहला संस्थागत रूप से प्रवर्तित बिजली एक्सचेंज है, जो बिजली व्यापार के कई समाधान उपलब्ध करा रहा है। इसके अलावा यह 2008 से क्रेताओं के साथ विक्रेताओं को भी जोड़ रहा है। एक वरिष्ठ अधिकारी ने पीटीआई–से कहा कि एनटीपीसी की योजना पीएक्सआईएल में पांच प्रतिशत इक्विटी हिस्सेदारी खरीदने की है। यह पूछे जाने पर कि क्या एनटीपीसी द्वारा पीएक्सआईएल में पांच प्रतिशत से अधिक हिस्सेदारी का अधिग्रहण किया जा सकता है, अधिकारी ने कहा कि ऐसा संभव नहीं है, क्योंकि यह व्यापार मंच पर क्रेता या विक्रेता ही है। कॉरपोरेट मामलों के मंत्रालय के पोर्टल पर उपलब्ध ा आंकड़ों के अनुसार, पीएक्सआईएल की अधिकृत शेयर पूंजी 120 करोड़ रुपये और चुकता पूंजी 58.47 करोड़ रुपये है। पीएक्सआईएल का गठन 20 फरवरी, 2008 को हुआ था। सरकार की मंशा हाजिर बिजली बाजार की देश की कुल बिजली आपूर्ति में हिस्सेदारी 2023–24 तक बढ़ाकर 25 प्रतिशत करने की है। यह राष्ट्रीय बिजली नीति (एनईपी) के मसौदे का हिस्सा हो सकता है।

## कोरोना संक्रमितों की बढ़ोतरी के बाद बंगाल में मिनी लॉकडाउन, स्कूल–कॉलेज बंद, 50 फीसदी क्षमता से खुलेंगे ऑफिस

देश में कोरोना की रफ्तार तेज हो रही है। ओमिक्रॉन वैरिएंट के खतरे के बीच तीसरी लहर के संकेत मिलने शुरू हो गए हैं। इन सब के बीच पश्चिम बंगाल ने नई पाबंदियों का ऐलान किया है। पश्चिम बंगाल सरकार ने सभी शैक्षणिक संस्थाओं को बंद करने की घोषणा की, कार्यालयों को 50 प्रतिशत क्षमता के साथ खोलने की अनुमति, पूर्वाह्न 10 बजे से शाम पांच बजे तक केवल आवश्यक सेवाओं की अनुमति। लोकल ट्रेन सोमवार से 50 प्रतिशत क्षमता के साथ शाम सात बजे तक चलेंगीय पार्लर, जिम बंद रहेंगे।

पश्चिम बंगाल के मुख्य सचिव एचके द्विवेदी ने जानकारी देते हुए कहा कि पश्चिम बंगाल ने सभी स्कूलों और कॉलेजों के साथ–साथ सिनेमा हॉल, जिम और स्विमिंग पूल और ब्यूटी सैलून को बंद करने सहित नए कोविड प्रतिबंध लगाने का निर्णय लिया है। सरकारी और निजी कार्यालयों में उपस्थिति 50 प्रतिशत पर सीमित रहेगी। ब्रिटेन से सीधी उड़ानें, जिसने पिछले कुछ हफ्तों में कोविड–19 मामलों की एक चौंका देने वाली बढ़ोतरी हुई है, जिसमें अधिक संक्रामक ओमिक्रोन स्ट्रेन भी शामिल है, को भी रोक दिया गया है। पश्चिम बंगाल में पिछले कुछ दिनों से कोविड–19 के मामले तेजी से बढ़ रहे हैं और शनिवार को संक्रमण के 4,512 मामले सामने आए, जो पिछले दिन की तुलना में 1,061 मामले अधिक हैं। वहीं, कोलकाता में 2,398 नये मामले सामने आए हैं। राज्य में शुक्रवार को 3,451 मामले सामने आए थे, जिनमें कोलकाता से 1,954 मामले थे। महामारी से मरने वाले और नौ लोगों में कोलकाता एवं उत्तर 24 परगना से दो–दो लोग हैं। राज्य में संक्रमण की दर पिछले दिन के 8.46 प्रतिशत से बढ़ कर 12.02 प्रतिशत हो गई है। राज्य के स्वास्थ्य विभाग की एक बुलेटिन के मुताबिक कोलकाता के बाद उत्तर 24 परगना से सर्वाधिक मामले सामने आए हैं और यह संख्या 688 है, जो पिछले दिन के 496 से अधिक है।



## सपा ने यूपी को विकास और रोजगार का मॉडल दिया, भाजपा ने बर्बाद किया: अखिलेश

### बाबा मुख्यमंत्री विकास के साथ–साथ अल्पसंख्यकों के भी दुश्मन

लखनऊ। सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा कि समाजवादी सरकार ने उत्तर प्रदेश को विकास और रोजगार का मॉडल दिया था। लखनऊ में आईटी सिटी की स्थापना की, अत्याधुनिक और विश्वस्तरीय स्टेडियम दिया, एक्सप्रेस वे बनाया, पार्क, कैंसर इंस्टीट्यूट दिया। भाजपा सरकार ने सब कुछ बर्बाद कर दिया है। प्रदेश को पीछे धकेल दिया है। भाजपा राज में हर वर्ग अपमानित और प्रताडिघ्त किया जा रहा है। सभी लोग बदलाव चाहते हैं, अब नए वर्ष में प्रदेश में बदलाव होगा। अखिलेश यादव ने रविवार को समाजवादी विजय रथ यात्रा के दसवें चरण में आईटी सिटी चकगंजरिया से पूर्वांचल एक्सप्रेस–वे के किनारे महुराकला गांव में नवनिर्मित भगवान परशुराम के मंदिर तक यात्रा की। इस दौरान रास्ते भर भारी जनसमुदाय ने जोश और उत्साह के साथ स्वागत किया। उन्होंने आईटी सिटी चकगंजरिया, रोहतास के मैदान और करीमपुर में विशाल जनसभाओं को सम्बोधित किया। अमूल दुग्ध प्लांट के पास बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं और नेताओं ने झण्डे बैनर और पोस्टर के साथ स्वागत किया। सपा अध्यक्ष ने जनसभाओं को सम्बोधित करते हुए कहा कि नए साल में समाजवादियों ने संकल्प लिया है कि प्रदेश में सपा सरकार बनने पर 300 यूनिट घरेलू बिजली फ्र ी होगी और किसानों को सिंचाई पूरी तरह से मुफ्त होगी। उन्होंने कहा समाजवादी पार्टी किसानों की मदद करना चाहती हैं। किसान अन्नदाता है। देश का पेट भरता है। किसानों ने कोरोना काल में देश की अर्थव्यवस्था बचाने का काम किया। भाजपा सरकार ने किसानों को अपमानित किया। काले कृषि कानूनों के खिलाफ आंदोलन में सात सौ से ज्यादा किसान शहीद हो गए। किसान भाजपा सरकार के अन्याय और अत्याचार को कभी नहीं भूल सकता है। भाजपा के लोगों ने किसानों की जीप से कुचलवा कर हत्या करा दी। अखिलेश ने कहा कि बाबा मुख्यमंत्री विकास के साथ–साथ अल्पसंख्यकों के भी दुश्मन हैं। यूपी विधानसभा में एंग्लो इंडियन के लिए एक सीट रिजर्व थी, बाबा मुख्यमंत्री ने उसे खत्म कर दिया। जैन समाज मेहनती है, अल्पसंख्यक है। उसकी जनसंख्या पचास लाख ही होगी। भाजपा सरकार उन पर छापे डलवा रही है। प्रताडिघ्त करा रही है। भाजपा नहीं चाहती कि जैन समाज आगे बढ़े और विकास करें। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार में किसानों की आय दोगुनी नहीं हुई। नौजवानों को रोजगार और नौकरी नहीं मिली। भाजपा सरकार की गलत नीतियों से व्यापार नहीं बढ़ पा रहा है। महंगाई बहुत बढ़ गई है। उत्तर प्रदेश हर आंकड़े में पीछे दिखाई दे रहा है। स्वास्थ्य, शिक्षा के क्षेत्र में उत्तर प्रदेश पीछे चला गया है।

## लखीमपुर हिंसा: दो महीने से छिप रहे थे बीजेपी कार्यकर्ताओं की हत्या के आरोपी, एसआईटी ने किया गिरफ्तार

पिछले साल 3 अक्टूबर को हुई लखीमपुर खीरी हिंसा के सिलसिले में विशेष जांच दल (एसआईटी) ने दो किसानों को गिरफ्तार किया था। एसआईटी सूत्रों के अनुसार, हिंसा के दौरान तीन भाजपा कार्यकर्ताओं की कथित रूप से पीट–पीट कर हत्या करने के मामले में किसानों को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार किए गए दो किसानों की पहचान कमलजीत सिंह (29) और कवलजीत सिंह सोनू (35) के रूप में हुई है। वे कथित तौर पर करीब दो महीने से पुलिस से छिपे हुए थे। एसआईटी ने पहले कुछ संदिग्धों की तस्वीरें जारी की थीं, जिनमें दोनों शामिल थे। उन्हें मजिस्ट्रेट के सामने पेश किया जाएगा और जांच अधिकारी द्वारा उनकी रिमांड कस्टडी मांगी जाएगी। भाजपा के तीन कार्यकर्ताओं की मौत के मामले में अब तक छह किसानों को गिरफ्तार किया जा चुका है। एसआईटी ने पहले विचित्र सिंह, गुरविंदर सिंह, अवतार सिंह और रंजीत सिंह को संदिग्धों के रूप में पहचाने जाने के बाद गिरफ्तार किया था। हिंसा के दौरान चार किसानों और एक पत्रकार की मौत के साथ ही केंद्रीय गृह राज्य मंत्री अजय मिश्रा टेनी के बेटे आशीष मिश्रा के साथ सह–आरोपी भाजपा कार्यकर्ता सुमित जायसवाल की शिकायत के आधार पर शुरू में श्अज्ञात किसानोंश के खिलाफ हत्या और दंगा करने के आरोप में प्राथमिकी दर्ज की गई थी।



## डेल्टा की तुलना में ओमिक्रॉन 70 फीसदी अधिक संक्रामक, सामान्य लक्षणों को देखकर लापरवाह हो जाना खतरनाक

ओमिक्रॉन की बढ़ती दहशत के बीच देशभर के एक्सपर्ट्स लोगों को जागरूक करने का काम कर रहे हैं। वो इस नए वेरिएंट के बारे में हर छोटी–छोटी जानकारियां लोगों तक पहुंचा रहे हैं ताकि लोग समय रहते सावधान हो सके। डॉक्टर्स ओमिक्रॉन के व्यवहार पर बारिकी से नजर रख रहे हैं और इस नये खतरे को लेकर ज्यादा से ज्यादा जानकारी जुटा रहे हैं।



ओमिक्रॉन का असर सबसे ज्यादा शरीर के किस हिस्से पर

एक्सपर्ट के अनुसार अभी तक ये देखने में आया है कि ओमिक्रॉन की वजह से बहुत हल्की बीमारी हो रही है। इनकी वजह से फेफड़ों में पैचेज भले हो रहे हो। लेकिन कोई बड़ा नुकसान नहीं हो रहा है। हालांकि ये शुरुआती डेटा है और ये देखने के लिए इंतजार करना होगा कि भारी संख्या में केस आने पर भी ये हल्की बीमारी रहने वाला है या नहीं। डेल्टा में भी शुरुआत में इतने गंभीर मामले देखने को नहीं मिले थे लेकिन जब संक्रमितों की संख्या बढ़ी तो इनकी गंभीरता उभर कर सामने आई।

ओमिक्रॉन के मरीजों के ऑक्सीजन मात्रा कैसी: ओमिक्रॉन के बहुत कम मरीजों में ऑक्सीजन का सैचुरेशन लेवल कम पाया गया है। शुरू में कहा जा रहा था कि इसका बिल्कुल असर नहीं है। लेकिन जब इंग्लैंड में पहली मौत की खबर सामने आई तो हर कोई सावधान हो गया। भारत में भी एक भी मामले में मरीज को आईसीयू, ऑक्सीजन की जरूरत नहीं पड़ी है, रूम ऑक्सीजन पर ही मेंटेन कर रहे थे, सभी।

60 से 70 प्रतिशत तक अधिक संक्रामक : श्वसन विभाग के निदेशक डॉक्टर संदीप नायर का कहना है कि यह गलत धारना है कि ओमिक्रोन एक हल्के लक्षण वाला वैरिएंट है लेकिन यह बिमारी हल्की नहीं है और यह फैलती भी जल्दी है। अगर सक्रिय लोगों की तादाद बढ़ेगी तो उनमें से कोई न कोई दुर्भाग्यवश गंभीर रूप से बीमार भी होगा। साउथ अफ्रीका मेडिकल एसोसिएशन में बाकायदा इसकी रिपोर्ट भी प्रकाशित की है। यूके में भी रिपोर्ट्स प्रकाशित हुई हैं। यह डेल्टा की तुलना में 60 से 70 प्रतिशत तक अधिक संक्रामक है।

## पीएम मोदी की 12 करोड़ की मर्सडीज पर संजय राउत का तंज, कहा– अब 'फकीर' होने का दावा नहीं कर सकते



मुंबई। शिवसेना सांसद संजय राउत ने रविवार को कहा कि प्रध ाानमंत्री नरेंद्र मोदी अपने काफिले में ''12 करोड़ रुपये की कार'को शामिल करने के बाद 'फकीर' होने का दावा नहीं कर सकते। शिवसेना के मुखपत्र 'सामना' के साप्ताहिक स्तंभ ' रोखठोक' मेंराउत ने पूर्व प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू की हमेशा भारत में बनी कार का इस्तेमाल करने और पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की जान का खतरा होने के बावजूद अपने सुरक्षाकर्मियों को नहीं बदलने के लिए प्रशंसा की। शिवसेना नेता ने लिखा, '' 28 दिसंबर को मीडिया ने प्रधानमंत्री (नरेंद्र) मोदी के लिए लाई गई 12 करोड़ रुपये मूल्य की कार की तस्वीर प्रकाशित की। वह व्यक्ति जो खुद को फकीर, प्रध ाान सेवक कहते हैं, विदेश में बनी कार का इस्तेमाल करते हैं।'' राज्यसभा सदस्य ने कहा, ''प्रधानमंत्री की सुरक्षा और सुविध ाा अहम हैं लेकिन अब से प्रधान सेवक को नहीं दोहराना चाहिए कि वह फकीर हैं।'' उल्लेखनीय है कि हाल में विशेष सुरक्षा समूह (एसपीजी) ने प्रधानमंत्री के काफिले में मर्सिडीज मेबैक एस 650 नामक कार को शामिल किया है। मीडिया में इस श्रेणी की कार की कीमत करीब 12 करोड़ रुपये बताई जा रही है। हालांकि, सरकारी सूत्रों का कहना है कि नयी कार प्रधानमंत्री द्वारा इस्तेमाल बीएमडब्ल्यू कार के स्थान पर लाई गई है क्योंकि जर्मन कंपनी ने उसका निर्माण रोक दिया है। आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि एसपीजी ने उसके द्वारा सुरक्षा प्राप्त लोगों की कारों को बदलने के लिए छह मानक तय किए हैं लेकिन मोदी ने इसको लेकर कोई पसंद जाहिर नहीं की थी कि किस कार का इस्तेमाल किया जाए।उन्होंने यह भी बताया कि मीडिया में बताई जा रही कीमत से कार की वास्तविक कीमत करीब एक तिहाई है। राउत ने रविवार को कहा कि मोदी ने 'मेक इन इंडिया' और 'स्टार्ट अप इंडिया' जैसे स्वदेशी पहल की और वह विदेश निर्मित कार का इस्तेमाल कर रहे हैं। जवाहरलाल नेहरू की प्रशंसा करते हुए शिवसेना प्रवक्ता ने कहा कि देश के विभाजन के बाद सुरक्षा खतरे के बावजूद उन्होंने हमेशा भारत निर्मित एम्बेस्डर कार का इस्तेमाल किया। उन्होंने कहा कि (पूर्व प्रधानमंत्री) इंदिरा गांधी ने जान खतरे में होने के बाद सिख सुरक्षा कर्मियों को नहीं बदला जो उनकी सुरक्षा में तैनात थे। राउत ने कहा कि (पूर्व प्रध ाानमंत्री) राजीव गांधी खतरे के बावजूद तमिलनाडु में भीड़ से मिले। राउत ने कहा, ''उन्हें (राजीव गांधी को) भीड़ के साथ नहीं मिलना चाहिए था लेकिन उन्होंने ऐसा किया।'' शिवसेना नेता ने कोविड–19 के मामलों में वृद्धि के मद्देनजर रात में कर्फ्यू लगाने के केंद्र के सुझाव पर कहा कि केंद्र सरकार ने रात को ऐसी पाबंदी लगाई है जिससे वित्तीय नुकसान हो रहा है। राउत ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी, केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह, कांग्रेस नेता प्रियंका गांधी, दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल और समाजवादी पार्टी के प्रमुख अखिलेश यादव रैलियों को संबोधि ात करते हैं जिनमें लाखों लोग जमा होते हैं लेकिन पाबंदी केवल आम लोगों के लिए है।



# दो किसान सेना हुई आमने सामने,एक चीनी मिल के विरोध में तो दूसरे समर्थन में प्रशासन सतर्क

गोंडा।गन्ना मूल्य बकाया भुगतान को लेकर बजाज चीनी मिल गेट पर अवध केसरी सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष नीरज सिंह के नेतृत्व में आज सातवें दिन भी धरना प्रदर्शन जारी रहा तो दूसरी तरफ किसानों का है वही अब अवध केसरी सेना और अवध केसरी सेना भारत आमने आमने हो गए है एक मिल समर्थन तो दूसरा अवध केसरी सेना 7 दिन से भुगतान को लेकर धरने पर है।अवध केसरी सेना भारत के राष्ट्रीय अध्यक्ष अमित सिंह के नेतृत्व में किसानों ने मिल चलाने की मांग को लेकर आज बाबा जागेश्वर नाथ मंदिर पर धरना प्रदर्शन शुरू कर दिया है।

दो गुटों में बंटे किसान अलग–अलग स्थानों पर धरना प्रदर्शन कर रहे हैं एक गुट बीते वर्ष का बकाया भुगतान को लेकर 26 दिसंबर से धरना प्रदर्शन कर रहा है। जिससे मील का पेराई कार्य पूर्ण रुप से बंद करवा दिया है। जिसके समर्थन में अवध केसरी सेना के अलावा सपा के वरिष्ठ नेता शैलेंद्र प्रताप सिंह उर्फ बब्बू सिंह बिसेन प्रधान संघ के जिला अध्यक्ष विष्णु दत्त सिंह विशेन, बसपा नेता मोहम्मद जकी बसपा, समाज सेविका रुचि मोदी एडवोकेट का पूर्ण समर्थन मिल रहा है। धरने का नेतृत्व कर रहे ठाकुर अमित सिंह का कहना है कि लाखों कुंतल गन्ना कटा व ट्रालीयो पर लदा सूख रहा है। और गेहूं की बुवाई प्रभावित हो रही है।इसीलिए मिल को चलने देना चाहिए इस संबंध में अमित सिंह द्वारा जिलाधिकारी गोंडा को पत्र देकर अवगत कराने के बाद धरना प्रदर्शन शुरू किया है तो दूसरी तरफ 26 दिसंबर से धरने पर बैठे अवध केसरी सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष नीरज सिंह ठाकुर व सपा नेता शैलेंद्र प्रताप सिंह उर्फ बब्बू सिंह विसेन व किसानों का कहना है।की मिल बीते वर्ष का पूरा भुगतान करें,क्योंकि किसानों के पास पैसे ना होने के कारण खेत की बुवाई सिंचाई बच्चों की पढ़ाई सहित बहुत से कार्य प्रभावित हो रहे हैं।इसलिए मिल प्रशासन को आडियल रवैया छोड़कर किसान हित में उनका बकाया भुगतान कर देना चाहिए। बिना भुगतान लिए हम किसान घर नहीं जाएंगे ना मिल चलने देंगे।

बजाज चीनी मिल पर दो गुटों के धरना प्रदर्शन को लेकर प्रशासन सतर्क रहा और चप्पे–चप्पे पर भारी संख्या में पुलिस बल तैनात रही, सूत्रों का कहना है कि अनहोनी की घटना को लेकर पुलिस प्रशासन द्वारा कोतवाली मनकापुर कोतवाली देहात थाना वजीरगंज थाना मोतीगंज महिला थाना गोंडा थाना धानेपुर के थाना प्रभारी निरीक्षकों के अलावा के जिले के समस्त थानों से पुलिस बल ड्यूटी पर लगाए गए इसके अलावा पीएसी के जवान व अग्निशमन की गाड़ियां भी ड्यूटी पर मौजूद रहे।

# तरबगंज विधान सभा से भाजपा से चंद्रभान सिंह ने चुनाव लड़ने की दावेदारी ठोका

गोण्डा।तरबगंज विधान सभा के चंदीपुर ग्राम निवासी भाजपा नेता चंद्रभान सिंह ने तरबगंज विधायक के विकास कार्यो से नाखुश होकर स्वयं चुनाव लड़ने की घोषणा कर दी है,सीबी सिंह ने कहा योगी और मोदी सरकार की योजनाओं को विधायक ने ठीक से क्रियांवयन नही कराया और न ही मॉनिटरिंग किया जिससे ग्रामीण नाराज है। क्षेत्र में जीतने के बाद गए नही इससे भी नाराजगी है और न ही क्षेत्र में कोई विकास ही किया है। श्री सिंह ने पत्रकार वार्ता के बाद नव वर्ष पर पत्रकारों को सम्मानित किया और चुनाव लड़ने का संकेत दिया है। शहर मुख्यालय से करीब 26 किलोमीटर दूर तरबगंज क्षेत्र के भारतीय जनता पार्टी के लोकप्रिय नेता चंद्र भान सिंह ने अपने ग्राम चंदीपुर में क्षेत्र के पत्रकारों को सम्मानित कर आगामी चुनाव वह तरब गंज क्षेत्र से लड़ने की घोषणा की है। इस अवसर पर तरबगंज विधान सभा व गोण्डा मुख्यालय के 4 दर्जन से अधिक पत्रकारों को सम्मानित किया । श्री चंद्र भान सिंह ने बताया कि आने वाले चुनाव में उन्हें संकेत मिला है कि वे तरबगंज क्षेत्र से उम्मीदवार होंगे । इस अवसर पर अमित श्रीवास्तव , ओम चंद्र शर्मा , चंद्रेश्वर तिवारी , मनोज वर्मा , प्रमोद शर्मा ,करुणेश पटेल , विजय शुक्ला,योगेश पांडे,मथुरा प्रसाद,अजय तिवारी,मुस्ताक, मनोज मौर्य,रिजवी, सहित 50 की संख्या मे पत्रकार उपस्थित रहे ।

## श्रीगुरु गोविंद सिंह जी महाराज जी के पावन प्रकाशोत्सव के उपलक्ष्य में किया प्रभात फेरी

करनैलगंज(गोंडा)।श्रीगुरु गोविंद सिंह जी महाराज जी के पावन प्रकाशोत्सव के उपलक्ष्य में प्रभात फेरी का दौर चल रहा है। यह प्रभात फेरी सुबह 6 से गुरुद्वारा श्री गुरु सिंह सभा करनैलगंज नगर में निकाली जा रही है। जिसमें बच्चों एवं महिलाओं द्वारा शब्द कीर्तन तत्पश्चात लंगर प्रसाद वितरण का आयोजन होता है। गुरुद्वारा कमेटी के सेक्रेटरी सरदार जोगिंदर सिंह जानी ने जानकारी देते हुए बताया कि आगामी 4 दिसंबर को मनाया जाएगा। प्रकाश उत्सव जिसकी तैयारियां गुरुद्वारा परिसर में जोरों से चल रही है। प्रकाशोत्सव की शोभा यात्रा 4 जनवरी को दोपहर 2 बजे नगर के प्रमुख मार्गो से होते हुए रात्रि 8 बजे गुरुद्वारा साहिब में संपन्न होगी। जिसमें पंजाब बैंड, गतका पार्टी, दशमेश सेवादल, पाइप बैंड पटियाला भांगड़ा द्वारा कार्यक्रम की अनोखा केंद्र रहेगा। प्रभात फेरी में मुख्य रुप से प्रधान हरजीत सिंह सलूजा, भूपेंद्र सिंह,अमरजीत सिंह, अभिनव सिंह, रमनदीप सिंह, सतनाम सिंह, डॉक्टर हरमीत सिंह, त्रिलोक सिंह, सोनू छाबड़ा, सुरेंद्र सिंह, परमजीत सिंह, ज्ञान प्रकाश मिश्रा, ओपी तिवारी, अमर सिंह सहित सभी साथ संगत की उपस्थिति रही।

# गुण्डा एक्ट के तहत 4 अपराधियों को जिला मजिस्ट्रेट ने किया जिला बदर

## 7 व्यक्तियों को 6 माह तक उपस्थिति दर्ज कराने हेतु किया गया पाबन्द

बहराइच। जनपद में आगामी विधानसभा सामान्य निर्वाचन–2022 को स्वतन्त्र, निष्पक्ष एंव शान्तिपूर्ण वातावरण में सम्पन्न कराये जाने तथा विधि व्यवस्था एवं लोक परिशान्ति सहित लोक व्यवस्था व जनसुरक्षा कायम रखने के उद्देश्य से जिला मजिस्ट्रेट डॉ. दिनेश चन्द्र द्वारा 04 अपराधियों के विरूद्ध धारा 3(1) गुण्डा एक्ट के तहत कार्रवाई करते हुए 06 माह के लिए जनपद से जिला बदर कर दिया गया है। इसके अलावा 07 व्यक्तियों को अपने सम्बन्धित थानें में प्रत्येक माह की 15 तारीख को आगामी 06 माह तक उपस्थित दर्ज कराये जाने के आदेश दिये गये हैं। जिला मजिस्ट्रेट द्वारा जारी आदेश के अनुसार थाना कैसरगंज अन्तर्गत नि. डिहवा शेर बहादुर मो. सोनू पुत्र अब्बास अली, थाना कोतवाली मुर्तिहा के अमृतपुराकांटा नि. गुलशन कुमार पुत्र रमेश कुमार व प्रधानपुरवा दा. मंझरा नि. पवन कुमार पुत्र जियालाल तथा थाना रिसिया के सुभाष नगर दा. बंगलाचक नि. कुंज बिहारी पुत्र सीता राम को 06 माह के जिला बदर किया गया है। इसके अलावा थाना रिसिया के रविदास नगर नि. भूरे पुत्र दिलदार, गुरचाही दा. बलभद्दरपुर नि. अफसर पुत्र कल्लू, थाना कैसरगंज अन्तर्गत कन्दैला नि. आबिद पुत्र अमीन, थाना फखरपुर अन्तर्गत परसेण्डी नि. अब्दुल कलाम पुत्र यार मोहम्मद, थाना नवाबगंज अन्तर्गत राजापुर दा. जलालपुर नि. सलीम उर्फ छंगा पुत्र लियाकत अली, मैनू उर्फ मैनुद्दीन पुत्र जुमई तथा शब्बीर पुत्र मौलवी को जिला मजिस्ट्रेट द्वारा निर्देश दिया गया है कि अपने सम्बन्धित थाने में आगामी छः माह तक प्रत्येक माह की 15 तारीख को उपस्थिति दर्ज कराना सुनिश्चित करेंगे।

# डीएम की अध्यक्षता में तहसील महसी में सम्पन्न हुआ सम्पूर्ण समाधान दिवस

बहराइच। आमजन की समस्याओं के त्वरित निस्तारण के लिए प्रत्येक माह के प्रथम एवं तृतीय . आयोजित होने वाले सम्पूर्ण समाधान दिवसों की कड़ी में माह जनवरी के प्रथम तहसील महसी में जिलाधिकारी डॉ. दिनेश चन्द्र, पुलिस अधीक्षक सुजाता सिंह, मुख्य विकास अधिकारी कविता मीना व उप जिलाधिकारी रामदास व अन्य अधिकारियों द्वारा आये हुए फरियादियों के समस्याओं की सुनवाई करते हुए समयबद्धता के साथ गुणवत्तापूर्ण निस्तारण का सम्बन्धित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने पुलिस अधीक्षक, मुख्य विकास अधिकारी व अन्य के साथ दो आशाओं को स्मार्ट फोन का वितरण भी किया। सम्पूर्ण समाधान दिवस के अवसर पर खाद एवं रसद, समाज कल्याण, दिव्यांगजन सशक्तिकरण, महिला कल्याण, बाल विकास एवं पुष्टाहार सहित अन्य विभागों द्वारा लगाये स्टाल गये थे। बाल विकास एवं पुष्टाहार विभाग के स्टाल के निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी डॉ दिनेश चन्द्र ने ग्राम चांदपारा की मीरा व रेशमा, मासाडिहा की रूकी एवं चांदपारा की कामिना व संजू देवी की गोदभराई तथा आदित्य कुमार व राजवीर का अन्न प्रासन्न कराया। उल्लेखनीय है कि तहसील महसी में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में प्राप्त 48 में 05, नानपारा में 46 में 05, पयागपुर में प्राप्त 63 में 06, सदर में प्राप्त 26 में 04, मिहींपुरवा (मोतीपुर) में प्राप्त 25 में 06 तथा कैसरगंज में प्राप्त 58 में से 10 प्रार्थना–पत्रों का निस्तारण मौके पर किया गया। सम्पूर्ण समाधान दिवस के अवसर पर मुख्य चिकित्साधिकारी डा. एस. के. सिंह, जिला विकास अधिकारी राजेश कुमार मिश्र, पीडीडीआरडीए अनिल कुमार सिंह, उप निदेशक कृषि टी.पी. शाही, तहसीलदार महसी विपुल कुमार सिंह, जिला कार्यक्रम अधिकारी जी.डी. यादव, जिला प्रोबेशन अधिकारी विनय कुमार सिंह, डीपीआरओ उमाकान्त पाण्डेय, जिला गन्नाधिकारी शैलेश कुमार मौर्या, जिला पूर्ति अधिकारी अन्नत प्रताप सिंह, जिला उद्यान अधिकारी पारसनाथ सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारी मौजूद रहे।

## सुंदरकांड पाठ, महाआरती, 51 किलो लड्डू का भोग व केक काटकर नए साल का आरम्भ

करनैलगंज(गोंडा)।सुंदरकांड पाठ, महाआरती, 51 किलो लड्डू का भोग व केक काटकर नए साल का आरम्भ हुआ। वर्ष 2022 की शुरुआत करनैलगंज में लोगों ने धार्मिक अनुष्ठान करके किया। नगर के आदिशक्ति मां भवानी मंदिर चौक घंटा घर पर रात्रि 41 दिन के सुंदरकांड पाठ का समापन कार्यक्रम रखा गया। जहां सुंदरकांड पाठ मध्य रात्रि में समाप्त होने के बाद नए वर्ष की शुरुआत भगवान की आरती, पूजन एवं वंदन के साथ 51 किलो के लड्डू का भोग एवं केक काटकर नए साल की शुरुआत की गई। इस मौके पर नगर से भारी संख्या में लोग मंदिर पर पूजा आरती में शामिल हुए और प्रसाद वितरण के साथ–साथ भोजन भंडारे का भी आयोजन किया गया। महाआरती के बाद एक दूसरे से लोगों ने मिलकर नए वर्ष की शुभकामनाएं दी और जीवन मंगलमय सुख में होने के साथ–साथ सभी के उज्जवल भविष्य की कामना की गई।

# नव वर्ष पर पूरी रात भजन और गीतों पर थिरकते रहे लोग

## *भाजपा नेत्री माधुरी सिंह ने आम ग्रामीणों के साथ मनाया नव वर्ष*

बहराइच। नव वर्ष की धूम जिले भर में रही। पयागपुर में नव वर्ष पर भजन गायक संदीप आचार्य के भजनों पर लोग रात भर झूमते रहे। वहीं जिले के प्रशासनिक अधिकारियों ने भी नव वर्ष की शुभकामनाएं प्रेषित की। पयागपुर में भाजपा नेत्री ने आम ग्रामीणों के साथ नव वर्ष मनाया। साथ ही क्षेत्र के विकास के लिए मेहनत करने की बात कही।पयागपुर के तालाब बघेल में नव वर्ष की पूर्व संध्या पर भजन संध्या का आयोजन हुआ।अयोध्या से आए भजन गायक संदीप आचार्य को सुनने के लिए काफी संख्या में लोग एकत्रित हुए। आयोजक भाजपा नेत्री माधुरी सिंह और अमिताभ त्रिपाठी का सभी ने फूल मालाओं से स्वागत किया। इसके बाद भजन गायक ने भजन प्रस्तुत किया।भजन गायक संदीप के कृष्ण लला हम आयेंगे, मंदिर वहीं बनाएंगे। वहां पर भी अन्याय हुआ, जहां का यशोदा ललना के गीतों पर मौजूद लोग सराबोर रहे। संदीप आचार्य के भजन अब भारत की जनता को केवल पाकिस्तान में सन्नाटा चाहिए, पवन पुत्र हे बजरंगी अब अब तोड़ो अपने ध्यान को, जैसे लंका फूंकी थी ऐसे फूंको पाकिस्तान को सुनकर लोग झूमने लगे।

सभी ने भारत माता और भगवान हनुमान के जयकारे लगाए। रात्रि 12 बजे तक भजन कार्यक्रम चलता रहा। रात 12 बजते ही सभी ने एक दूसरे को नव वर्ष की बधाई दी। आयोजक भाजपा नेत्री माधुरी सिंह ने कहा कि इस नव वर्ष में सभी मिलकर क्षेत्र के विकास में सहयोग करे। यहां हजारों की संख्या में लोग मौजूद रहे। इसके अलावा जिला मुख्यालय पर भी होटल और रेस्त्रां में नव वर्ष की धूम रही।कार्यक्रम में क्षेत्रीय ग्रामीण के अलावा भाजपा जिलाध्यक्ष श्याम करण टेकड़ीवाल,भाजपा नेता प्रशान्त मिश्र भी मौजूद रहे। अधिकारियों ने दी बधाईः जिलाधिकारी दिनेश चंद्र, पुलिस अधीक्षक सुजाता सिंह, सीडीओ कविता मीना, सिटी मजिस्ट्रेट ज्योति राय समेत अन्य अधिकारियों ने नव वर्ष के उपलक्ष्य पर बधाईयां प्रेषित की है।

## फॉर्मेसी के छात्रों ने मरीजो को फल व जूस वितरण कर मनाया नव वर्ष

बहराइच।जनपद में नव वर्ष के आगमन का उत्सव धूमधाम से मनाया गया।जहां एक ओर नया वर्ष 2022 का उत्सव डीजे की धुन पर आयोजित किया गया। वहीं केडीएस कॉलेज ऑफ फार्मेसी,बेड़नापुर के फॉर्मेसी के छात्रों ने नव वर्ष जिला चिकित्सालय में मरीजों को फल व जूस वितरण करके मनाया तथा मरीजों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की। नव वर्ष के पहले दिन फार्मेसी के छात्रों ने जिला चिकित्सालय में मरीजों के संग मनाने का निर्णय लिया।मुख्य चिकित्सा अधिकारी से अनुमति लेने के पश्चात फार्मेसी के छात्रों ने मरीजों को फल व जूस का वितरण किया तथा भर्ती मरीजों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना भी की।वितरण कार्यक्रम की शुरुआत मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. ओ.पी. पाण्डेय ने इमरजेंसी वार्ड से की।कार्यक्रम के संयोजक फार्मेसी के छात्र रितेश मिश्रा रहे जबकि कार्यक्रम का नेतृत्व फार्मेसी के प्राचार्य डॉ. कमल कुमार पाठक ने किया।वितरण कार्यक्रम इमरजेंसी वार्ड,जनरल वार्ड,आर्थो वार्ड,सर्जिकल वार्ड में किया गया।इस अवसर पर चीफ फार्मासिस्ट कुलदीप सिंह,डॉ. एम. एम. त्रिपाठी,डॉ. के.के. वर्मा,कॉलेज के बीएड विभागाध्यक्ष सचिन श्रीवास्तव, असिस्टेंट प्रोफेसर शेखर श्रीवास्तव,मोहम्मद सैफ,मोहम्मद फरमान,मोहम्मद जिलानी, मोहम्मद आमीन, तनवीर,सुभाष साहू,तालिब, अभिनव, जकरिया,मेहताब,ऋषभ, सोनू पाठक,राजेश सहित अन्य छात्र मौजूद रहे।

## नववर्ष की खुशहाली के लिए मंदिरों में टेका माथा

अयोध्या।वर्ष 2021 तमाम कष्टों और प्रतिबंधों के बीच रहा। लोगों ने अपनों को खोया तो नौकरी पर भी संकट से दो चार होना पड़ा। न दिन का शुकूं और न रात में चौन। लेकिन वर्ष 2022 सुख और शांति में बीते इसलिए तमाम लोगों ने मंदिरों में आराध्य के दर्शन से नया वर्ष 2022 की शुरूआत की। भोर से ही मां सरयू की जलधारा में आचमन और हनुमानगढ़ी पर वीर बजरंगी के दर्शन को लोगों का ताता लगा रहा। जयकारों से पूरा धाम गूंजायमान रहा। सर्वाधिक भीड़ हनुमानगढ़ी पर रही। पूरा अयोध्या धाम क्षेत्र मेले में तब्दील रहा। वहीं पूर्वाह्न करीब 11 बजे गुन+गुनी धूप होने पर युवाओं की टोली गुलाबबाड़ी और कंपनी गार्डन तथा अन्य पार्कों की ओर रू–ब–रू हुई। फूल देकर हैप्पी न्यू इयर बोलना तो आम रहा लेकिन अधिकतर मनचाहे होटलों पर व्यंजन थालों को प्राथमिकता दिए। हालांकि कस्बा क्षेत्रों में तमाम युवा तेज साउंड की धुन पर भी थिरकते रहे। नए वर्ष के उमंग कहीं भंग न हो जाए इसके लिए पुलिस भी अलर्ट मोड पर रही। थानाध्यक्षों से लेकर उच्चाधिकारी भी क्षेत्र में भ्रमण करते रहे। अयोध्या के सरयू तीरे, नागेश्वरनाथ, हनुमानगढ़ी पर पुलिस सामान्य दिनों की अपेक्षा ज्यादा सतर्क दिखी। पार्कों में भी पुलिस की तैनाती रही। जिससे देर शाम तक खुशियां मनाकर लोग अपने घरों को सकुशल वापस हुए। नए वर्ष की सुबह कोहरे की चादरों से लिपटी आई। तापमान 06 डिग्री सेल्सियस और हवाओं की गति08 किलोमीटर प्रतिघंटे की रही। वहीं आर्द्रता 90 फीसदी बनी रही। खास बात यह कि पूर्वाह्न करीब 11 बजे से आसमान से धुंध छटनी शुरू हुई तो दोपहर होते होते सूरज भी गर्मी लेकर नये वर्ष के उमंग को दोगुना कर दिया। हालांकि शाम होते होते फिर गलन भरी ठंड रही।

# नहर की झाड़ियों में फंसा मिला महिला का शव

मिल्कीपुर–अयोध्या के सतनापुर पुल के पास सुल्तानपुर फैजाबाद यूनाइट ब्रांच नहर के पानी में झाड़ियों के बीच फंसी 35 वर्षीय अज्ञात महिला की लाश मिली। जानकारी पाकर मौके पर पहुंची खंडासा पुलिस ने महिला का शव पानी से बाहर निकलवा कर पंचायत नामा कराने के उपरांत पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। हालांकि महिला के शव की पहचान नहीं हो सकी है। प्राप्त जानकारी के मुताबिक खंडासा थाना क्षेत्र के नदौली ग्राम पंचायत स्थित सतनापुर नहर पुल से लगभग 300 मीटर दक्षिण पश्चिमी नहर में एक अज्ञात महिला की लाश ग्रामीणों ने नहर में गिरे बबूल के पेड़ में फंसी देखा। देखते ही देखते भारी संख्या में ग्रामीण मौके पर इकट्ठा हो गए और उन्होंने समूचे घटनाक्रम की जानकारी खंडासा पुलिस को दी सूचना मिलते ही थानाध्यक्ष संतोष कुमार सिंह पुलिस फोर्स के साथ मौके पर पहुंच गए। थानाध्यक्ष ने कुमारगंज थाना क्षेत्र के धनैचा पूरे मक्खू खां गांव निवासी समाजसेवी मोहम्मद कलीम को बुलाया और उनकी मदद से झाड़ियों में फंसी महिला के शव को पानी से बाहर निकलवाया। अज्ञात महिला के शव की शिनाख्त में पुलिस देर शाम तक प्रयासरत रही किंतु महिला के शव की शिनाख्त नहीं हो सकी। थक हार कर अंत में पुलिस ने विधिक कार्यवाही शुरू की और थानाध्यक्ष के साथ मौके पर मौजूद चौकी प्रभारी खंडासा वेद प्रकाश यादव ने महिला के शव का पंचनामा कराने के उपरांत पोस्टमार्टम हेतु भेज दिया। महिला के शव से बदबू आ रही थी जिससे प्रतीत हो रहा था कि महिला की मौत को हुए कई दिन बीत गए हैं। महिला ने हरे रंग की सूट सलवार एवं ऊनी स्वेटर पहन रखा था महिला के शव को देखने पर प्रथम दृष्टया महिला के मुस्लिम महिला होने की संभावना प्रतीत हो रही थी।

## गैस से लगी आग, लाखो का सामान जलकर हुआ राख

गोसाईगंज–अयोध्या।गोसाईगंज कस्बे के बस स्टाप पर बने सभासद प्रतिनिधि करुनाकर वर्मा के आवास पर बीती रात खाना बनाते समय आग लग गई। आग में घर में रखा लाखो का सामान जलकर राख हो गया। पीड़ित सभासद प्रतिनिधि ने बताया कि बस स्टाप पर बने आवास पर सुधाकर वर्मा,करुनाकर वर्मा और प्रभाकर वर्मा का परिवार रहता है।मकान के ऊपरी मंजिल पर सुधाकर वर्मा का परिवार रहता है। बीती रात में खाना बनाने के लिए सुधाकर वर्मा की पत्नी ने जैसे ही गैस खोल कर जलाना चाहा कि पहले से ही कमरे में फैली गैस ने आग पकड लिया और देखते ही देखते विकराल रूप ले लिया।आग को देख मुहल्ले के लोग दौड़े और किसी तरह आग पर काबू पाई। इस दौरान आग की चपेट में आने से कमरे में रखा बिस्तर, कपड़ा, राशन,दस हजार रुपया, अंगूठी, सीकड,झुमकी, पायल सहित अन्य सामान जलकर राख हो गया। पीड़ित के मुताबिक आग से लाखो का नुकसान हुआ है।

# लापता युवक का फंदे से लटका मिला शव, हत्या की आशंका

अयोध्या।थाना रौनाही क्षेत्र के सत्ती चौरा चौकी इलाके से दो दिन से लापता एक युवक का शव सुबह एक पेड़ पर फंदे से लटका पाया गया। शव की शिनाख्त बरई कला निवासी पवन कुमार उर्फ मुन्ना रावत(28) पुत्र श्यामलाल के रुप में की गई है।पुलिस के मुताबिक शव बेगमगंज निवासी गुड्डू चौधरी के आम के बाग में फंदे से पाया गया है। चौकी प्रभारी देवेंद्र नाथ राय ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया है। परिवारजनों ने प्रथम दृष्टया हत्या की आशंका जताई है। पुलिस के मुताबिक पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही घटना के बारे में जानकारी हो सकेगी। मृतक के परिवारजनों ने पुलिस को दी गयी तहरीर में लिखा है कि गांव निवासी मुकेश कुमार पुत्र राम कृपाल के साथ अंडे की दुकान पर कमीशन के आधार पर पर काम करता था। परिवारजनों के मुताबिक कुछ दिन पूर्व पवन पर मुकेश कुमार पुत्र राम कृपाल, आशीष पुत्र पप्पू द्वारा एक षडयंत्र के तहत मोबाइल की चोरी करने का आरोप लगाया गया था जिसके कारण भयवश युवक दो दिन से गायब था।रविवार रात गांव से लगभग दो किमी की दूरी पर स्थित बेगमगंज शाही मार्ग पर स्थित गुड्डू चौधरी की बाग में हत्या कर आत्महत्या का रुप देते हुए लगभग दो फुट के अंगोछे से गला बांधकर पेड़ से लटका दिया गया। इस सम्बंध में चौकी प्रभारी ने बताया पुलिस ने मिली तहरीर के अनुसार दोनों आरोपितों को हिरासत मे लेकर शव को पोस्टमार्टम के भिजवा दिया है। घटना की छानबीन की जा रही हैं। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत का कारण स्पष्ट हो सकेगा।

## नमो नमो मोर्चा के कार्यकर्ताओ ने नए वर्ष की शुरुआत सरयू नदी में सफाई अभियान से किया

करनैलगंज(गोंडा)।ठिठुरन व ठंड को दरकिनार करते हुए नमो नमो मोर्चा के कार्यकर्ताओ ने नए वर्ष की शुरुआत सरयू नदी की स्वच्छता से किया। करनैलगंज विधानसभा क्षेत्र के मां सरयू नदी के तट पर नमो नमो मोर्चा भारत ने स्वच्छता अभियान चलाया। प्रदेश अध्यक्ष दीपक तिवारी ने कहा कि नदियों को स्वच्छ रखें और नदी में पन्नी, कूड़ा नहीं फेंकना चाहिए। जल ही जीवन है इस बात का हर व्यक्ति को एहसास होना चाहिए।

## डीएम के साथ प्रशिक्षु अधिकारियों के दल ने एसएसबी मुख्यालय अगैय्या का किया भ्रमण

बहराइच। क्षेत्र अध्ययन एवं अनुसंधान के लिए जनपद भ्रमण पर आये भारतीय प्रशासनिक सेवा के 30 प्रशिक्षु अधिकारियों के दल ने जिलाधिकारी डॉ. दिनेश चन्द्र के साथ एस.एस.बी. मुख्यालय अगैय्या का भ्रमण किया। 42वीं वाहिनी एस.एस.बी. के कामण्डेण्ट तपन कुमार दास ने मुख्यालय भ्रमण के लिए पहुॅचे अधिकारियों के शिष्ट मण्डल का स्वागत किया तथा सभी फैकल्टी का भ्रमण कराते हुए आवश्यक जानकारी प्रदान की। एस.एस.बी. मुख्यालय के भ्रमण के उपरान्त प्रशिक्षु अधिकारियों ने शिवपुरा सीमा चौकी का भी भ्रमण किया। चौकी के भ्रमण के दौरान प्रशिक्षु अधिकारियों ने सीमा क्षेत्र पर तैनात जवानों से रू–ब–रू होते हुए उनकी दिनचर्या तथा ड्यूटी इत्यादि के बारे में जानकारी प्राप्त हुए। सीमा पर तैनात जवानों से मिल कर प्रशिक्षु अधिकारी काफी रोमांचित दिखे। इस अवसर पर उप जिलाधिकारी सदर सौरभ गंगवार आई.ए.एस., परियोजना निदेशक डी.आर.डी.ए. अनिल कुमार सिंह, तृतीय कमान अधिकारी प्रवीर कुमार व स्वर्णजीत शर्मा, सहायक कमाण्डेण्ट अनिल कुमार यादव, संतोष निमोरिया, सौरभ रंजन व सुमित भारद्वाज सहित अन्य सम्बन्धित लोग मौजूद रहे।

# तहसील पयागपुर में हुआ कम्बल का वितरण

बहराइच। जिलाधिकारी डॉ. दिनेश चन्द्र के निर्देश पर तहसील पयागपुर अन्तर्गत निराश्रित, असहाय एवं गरीब लोगों को कड़ाके की ठन्ड से राहत दिलाये जाने के उद्देश्य से तहसील प्रशासन पयागपुर द्वारा जन सहयोग के माध्यम से 227 लोगों को कम्बल का वितरण कराया गया। तहसील परिसर पयागपुर में आयोजित कार्यक्रम में उप जिलाधिकारी दिनेश कुमार द्वारा तहसीलदार पयागपुर मुकेश कुमार शर्मा, नायब तहसीलदार विष्णुदत्त मिश्र तथा क्षेत्रीय लेखपालों की मौजूदगी में शहरी क्षेत्र के 48 लोगों को कम्बल का वितरण किया गया। यह जानकारी देते हुए उप जिलाधिकारी दिनेश कुमार ने बताया कि पयागपुर के शहरी क्षेत्र के अलावा ग्राम कन्छर के 28, अमकोलवा व चन्द्रावा के 25–25, शिवपुर बैरागी के 18, ककरा मोहम्मदपुर, थवई व डेरवा हरबंशपुरवा के 15–15, हरदाही के 08 तथा ग्राम गुलरिहा, खरगौरा जनूब, पुरैना, पिपरा पदारथ, बड़ागॉव व सेमरियावां के 05–05 कुल 227 लोगों को क्षेत्रीय लेखपालों के माध्यम से कम्बल का वितरण किया गया।

# समाजवादी विचारों से प्रभावित गठबंधन दलों के कार्यकर्ता

दैनिक बुद्ध का संदेश

सिद्धार्थनगर। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव की अगुवाई में प्रदेश के अन्य समाजवादी विचारों से प्रभावित गठबंधन दलों के कार्यकर्ता सूबे से योगी आदित्यनाथ की अगुवाई वाली भाजपा सरकार को चुनाव में उखाड़ फेंकने का गठबंधन के साथियों ने संकल्प लिया।रविवार को समाजवादी पार्टी के जिला कार्यालय पर जिलाध्यक्ष लालजी के नेतृत्व में समाजवादी पार्टी, सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी, राष्ट्रीय लोकदल, प्रगति शील समाजवादी पार्टी, व गोंडवाना गणतंत्र पार्टी द्वारा आयोजित संयुक्त बैठक में सभी ने उक्त संकल्प लिया। बैठक को संबोधित करते हुए गोंडवाना गणतंत्र पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष उमाशंकर



गोंड ने कहा कि केंद्र व प्रदेश की भाजपा सरकार ने दलितों, पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यकों के साथ समाज के शोषित वर्ग को बर्बाद करने पर तुली है। भाजपा सरकार से निजात दिलाने के लिए 2022 के चुनाव में सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के अगुवाई में सरकार समाजवादी पार्टी बनना जरूरी है। इसके लिए सभी दलों के लोगों को गांव गांव गली कूचों में जाकर भाजपा सरकार गलत नीतियों का जनता के बीच उजागर करना होगा। सपा जिलाध्यक्ष लालजी यादव, प्रगति शील समाजवादी पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता इरफान मलिक, लोकदल के प्रदेश सचिव अकील अहमद मुन्नू व भासपा के बस्ती मंडल उपाध्यक्ष केशव राजभर व जिलाध्यक्ष राम निवास राजभर ने संयुक्त रूप से अपने अपने संबोधन में कहा कि महंगाई, भ्रष्टाचार, बेरोजगारी, किसानों, नौजवानों के साथ वादा खिलाफी योगी मोदी सरकार को ले डुबेगी। केंद्र व प्रदेश सरकार को आभास हो गया है। उत्तर प्रदेश से सत्ता छिन जाएगी। इसी घबराहट में ईडी, सीबीआई एवं ईनकम टेक्स वालों को चुनाव से पहले उतार दिया है। यूरिया खाद की किल्लत से किसान 280 रुपये की खाद को पांच सौ रूपये में खरीदने के लिए मजबूर है। बैठक को पूर्व विधायक अनिल सिंह, विजय पासवान, रामकुमार उर्फ चिनकू यादव, प्रगति शील समाजवादी पार्टी के जिलाध्यक्ष सुखराज यादव, बांसी चेयर मैंन पटवारी राइनी, महिला सभा की राष्ट्रीय सचिव चमन आरा राइनी, उग्रसेन सिंह, जमील सिद्दीकी, जुबैदा चौधरी ,कमरुज्जमा खान, तौलेश्वर निषाद ,सरफराज भ्र वीरेंद्र तिवारी , अयोध्या साहू , सत्यनरायन यादव , नागेंद्र नाथ चतुर्वेदी, फरहान खान, जावेद अहमद , अम्बिकेश श्रीवास्तव , विजय चौधरी , विष्णु उमर छात्र सभा जिलाध्यक्ष , चंद्रजीत यादव , शकील शाह, मुरली धर धुरिया, घिसियावन यादव,राम सेवक लोधी,विजय यादव, दिलीप पाठक, रघुनंदन पांडेय,शैलेंद्र शर्मा, अनीता द्विवेदी,शालिनी त्रिपाठी, लोकदल जिलाध्यक्ष शजाउद्दीन अकील, गोंडवाना जिलाध्यक्ष संतोष गोंड, राम चंदर निषाद, कन्हैया लाल वर्मा, दिनेश प्रसाद पांडेय, अनीता धुरिया आदि ने संशोधित किया।

# जरूरतमंदों में साड़ी व फल बितरण कर मनाया सांसद का जन्मदिन

दैनिक बुद्ध का संदेश

शोहरतगढ़, सिद्धार्थनगर।शोहरतगढ़ क्षेत्र के छतहरी स्थित





डा० सुनीता जायसवाल हास्पिटल में क्षेत्रीय सांसद जगदंबिका पाल के जन्मदिन के अवसर भाजपा नेता अनिल अग्रहरि ने सांसद प्रभारी सूर्य प्रकाश पाण्डेय की मौजूदगी एवं दर्जनों कार्यकर्ताओं के साथ साड़ी व फल वितरण कर उनका जन्मदिन मनाया साथ ही उनके उत्तम स्वास्थ्य की कामना की।युवा भाजपा नेता अग्रहरि ने कहा कि सांसद जी हमारे अभिभावक है, इसलिए उनके जन्मदिन को यादगार बनाना और भी महत्वपूर्ण हो जाता है। उन्होंने सैकड़ो लोगों में वस्त्र व फल बितरण कर उनके उत्तम स्वास्थ्य की कामना करते हुए लोगों की सेवा करने में अपनी रुचि बताई।वस्त्र और फल बितरण कार्यक्रम के दौरान सांसद प्रतिनिधि सूर्य प्रकाश पाण्डेय, संजय पाण्डेय ध्रुव नरायन पाण्डेय, जितेन्द्र, सुभाष कसौधन, निसार, डा० शुशात जायसवाल, विरेन्द्र गुप्ता आदि मौजूद रहे।

# महाराजा अग्रसेन की प्रतिमा का हुआ अनावरण

दैनिक बुद्ध का संदेश

डुमरियागंज।डुमरियागंजस्थित मंदिर चौराहे पर अग्रहरि समाज







के अग्रदूत अग्रसेन की मूर्ति का अनावरण विधायक राघवेन्द्र सिंह के नेतृत्व में किया गया।सत्य व अहिंसा के पुजारी एवं शान्ति दूत थे अग्रसेन।सांस्कृतिक कार्यक्रम का हुआ आयोजन ,राधा कृष्ण की झांकी पर झूमे लोग ।अपने संबोधन में विधायक ने कहा कि महाराज अग्रसेन सत्य व अहिंसा के रास्ते पर चलने के साथ साथ शान्ति दूत भी थे , हमें भी उनके पदचिन्हों पर चलकर जीवन को सुखद बनाना चाहिए। इस दौरान अग्रहरि समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष– सुभाष चन्द्र अग्रहरि, प्रदेश अध्यक्ष– रमेश चन्द्र अग्रहरि, अशोक अग्रहरि, रामदेव अग्रहरि, मधुसूदन अग्रहरि, श्याम सुन्दर अग्रहरि, सुगंध अग्रहरि, शंभू अग्रहरि, राजीव अग्रहरि, शशि अग्रहरि, सहित ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि – लवकुश ओझा, ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि– नरेंद्र मणि त्रिपाठी, युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष– गौरव मिश्रा,पं मनश्याम मिश्रा, रमेश सोनी, राजू पाल,अनु अग्रहरि आदि तमाम लोग मौजूद रहे।इस दौरान कोविड गाइडलाइन का नहीं हुआ पालन।

# क्या फिर हुआ फर्जीवाड़ाः मेडिकल कालेज की भर्ती में रोड़ा,नही खुला पोर्टल

दैनिक बुद्ध का संदेश

सिद्धार्थनगर।माधव प्रसाद त्रिपाठी चिकित्सा महाविद्यालय में रिक्त पैरामेडिकल स्टाफ के सभी पदों पर सेवायोजन के माध्यम से आनलाइन होना था। पोर्टल शुक्रवार को शाम चार बजे खुला। एक पदों के सापेक्ष तीन लोगों को आवेदन करना था। साफ्टवेयर की वजह से करीब 40 मिनट में ही सभी पदों पर आवेदन फुल दिखाने लगा। जिसकी वजह से कई आवेदन ही नहीं कर पाए। मेडिकल कालेज में 577 पदों पर आउटसोर्सिंग से भर्ती होनी है। इसके पूर्व भी एक बार आवेदन मांगा गया है। उस वक्त भी लोग आवेदन नहीं कर पाए थे। जिसकी शिकायत प्राचार्य ने शासन से किया था।मेडिकल कालेज में नियुक्ति के लिए चयनित फर्म बाजपेयी ट्रेडर्स ने नवंबर माह में आनलाइन आवेदन मांगा। लोगों ने जब कंपनी की




साइट पर आवेदन करना चाहा तो साइट नहीं खुली। मामले की शिकायत प्राचार्य तक पहुंची। उन्होंने मामले की शिकायत शासन में करते हुए कंपनी के टेंडर को निरस्त करने की मांग किया था। कंपनी के जिम्मेदारों ने अवगत कराया कि कुछ लोगों ने साइट को हैक कर लिया था। जिसकी वजह से लोग आवेदन नहीं कर पाए। लंबे जद्दोजहद के बाद अब दोबारा भर्ती प्रक्रिया शुरू हुई तो फिर से वहीं दिक्कत सामने आ गई है। अब भी लोग आवेदन करने की आस में है, पर उन्हें कोई रास्ता नहीं सूझ रहा है। वह पूरे दिन आवेदन के लिए एक से दूसरे साइबर कैफे पर दौड़ते रहे। कहीं पर भी साइट नहीं खुली। इन लोगों का कहना है कि पोर्टल कम से कम एक सप्ताह के लिए खोला जाए। जिससे सभी लोग आवेदन कर सकें।इन पदों पर होनी है नियुक्तिरेडियोलाजी टेक्नीशियन के 28, नर्सिंग के 168,लाइब्रेरी टेक्नीशियन 10,रेडियोलाजिस्ट टेक्नीशियन 28, मेडिकल सोशल वर्कर आठ,फिजियोथिरैपी दो, फार्मासिस्ट 10, डाइटिशियन एक, मल्टी परपज वर्कर 79, ट्रांसपोर्ट आपरेटर 10 और मिनिस्ट्रीयल एवं सेक्रेट्रियल असिस्टेंट के 30 पदों पर नियुक्ति होनी है।प्राचार्य डा. सलिल कुमार श्रीवास्तव ने कहा कि शुक्रवार को साइट खुली थी। किन परिस्थितियों में कम समय में सभी सीटों पर फुल हो गया, पता नहीं चला है। लगातार शिकायत भी मिल रही है। मामले से उच्चाधिकारियों को अवगत कराया जाएगा। जरूरत पड़ी तो जांच कराई जाएगी।

# बेसिक शिक्षा मंत्री ने बिस्कोहर में किया भगवान परशुराम के द्वार का लोकार्पण

दैनिक बुद्ध का संदेश

इटवा/सिद्धार्थनगर।उत्तर प्रदेश सरकार के बेसिक शिक्षा





मंत्री व इटवा विधायक डॉव सतीश द्विवेदी ने अपने विधानसभा क्षेत्र 305 इटवा के नगर पंचायत बिस्कोहर में विधायक निधि से निर्मित भगवान परशुराम द्वार का लोकार्पण किया तथा उपस्थित जनता जनार्दन को संबोधित किया इस अवसर पर उपस्थित रहे सुधीर त्रिपाठी, सतीश तिवारी, अजय गुप्ता, राजेन्द्र दूबे, जय प्रकाश पांडेय, मोना पांडेय, सत्य प्रकाश मिश्र, दीपनारायण त्रिपाठी, राजमणि दूबे, सदानंद शुक्ला, अरुण त्रिपाठी, संजय तिवारी, प्रदीप कसौधन, गौकरन पाठक, सुरेश प्रजापति, पिंकू मोदनवाल आदि क्षेत्र की जनता उपस्थित रही।

# कांग्रेस ने किया निवेशकों का पैसा वापस दिलाने का मांग

दैनिक बुद्ध का संदेश

सिद्धार्थनगर।जिला कांग्रेस कमेटी कार्यालय पर,, जिला महामंत्री दिनेश कुमार वर्मा उपाध्यक्ष प्रशासन एवं कार्यक्रम अनिल सिंह अन्नू, ने प्रेस वार्ता कर सबका साथ सबका विकास का नारा देने वाली भाजपा की प्रदेश एवं केंद्र सरकार पर साधा निशाना निवेशकों का पैसा वापस दिलाने का मांग किया और कहां की सबका साथ और सबका विकास का नारा देने वाली सरकार आज कुंभकरण की नींद में है। जहां देश के अधिकांश मध्य स्वर्गीय एवं गरीब जनता का पैसा पर्ल एवं राष्ट्रीय सहारा जैसी कंपनियों में फसा है ।और सरकार कभी कुंभकरण की नींद में सो जाती है और कभी चुनावी मूड में आ जाती है। निवेशकों का पैसा दिलाने की पहल आज तक सरकार ने नहीं किया। जिला उपाध्यक्ष अनिल सिंह अन्नू ने प्रेस वार्ता में कहा कि पर्ल कंपनी गलत तरीके से 18 साल से गरीब एवं मध्यम वर्गीय करोड़ों उपभोक्ताओं का पैसा डप कर लिया है। यहां के लोगों से 60 हजार करोड़ की राशि अवैध सामूहिक निवेश योजना सी, आई, एस, के के जरिए जुटाई, अभी भी इस



कंपनी में लोगों का लगभग 9500 करोड रुपया फसा है। इसी प्रकार सहारा ग्रुप ने अपनी दो कंपनी`प्त्म्ब्स् और`भ्ब्स् के जरिए के जरिए 225 करोड़ नियमों से करीब 24000 करोड रुपए जुटाए। सीबीसी जांच शुरू की तो सेबी के जांच में पता चला कि सहारा के कई निवेशक फर्जी और इनका बाकियों की कंपनी से दूर–दूर का कोई नाता नहीं था।, इस प्रकार इन दोनों कंपनियों ने अपने कई स्कीमों द्वारा जनता का करोड़ों करोड़ों रुपया जमा करा कर दिन प्रतिदिन उपभोक्ताओं से अपना नाता तोड़ रही है ।और अपनी गाढ़ी कमाई का जमा किया हुआ अपना ही पैसावापस पाने को जनता तरस रही है। महामंत्री दिनेश कुमार वर्मा ने कहा केंद्र एवं प्रदेश की सरकार सबका साथ सबका विकास नहीं। सिर्फ दो–तीन उद्योगपतियों का ही विकास देख देख रही है। अगर प्रदेश एवं केंद्र की डबल इंजन की सरकारें हैं ।अगर चाहती तो पर्ल और सहारा कंपनियों में दूब रहा जनता का पैसा या तो अब तक मिल गया होता अन्यथा पैसा मिलने का गाइडलाइन सरकार बना दी होती। श्री वर्मा ने आगे कहा कि जिस प्रकार तमाम कंपनियां जनता की गाढ़ी कमाई लेकर भाग गई है। अगर समय रहते सरकारी नहीं चेती तो उत्तर प्रदेश के इन कंपनियों के जमा करता अपने पैसे पाने के लिए तरस जाएंगे,अनिल सिंह अन्नूऔर दिनेश बर्मा ने कहां आज कांग्रेसी पूरे प्रदेश में प्रेस वार्ता कर रही है इसी कड़ी में गरीबों का पैसा दिलाने के लिए और उनके हक की लड़ाई लड़ने के लिए कांग्रेस पार्टी 4 जनवरी को पूरे उत्तर प्रदेश में हर जिला मुख्यालयों पर धरना प्रदर्शन करने जा रही है। 4 जनवरी को जिला अध्यक्ष काजी सुहेल अहमद के अगवाई में सिद्धार्थनगर जिला मुख्यालय पर भी जोरदार धरना प्रदर्शन होगा।

# उपजिलाअधिकारी इटवा ने शराब की दुकानों का औचक निरीक्षण

दैनिक बुद्ध का संदेश

सिद्धार्थनगर।इटवा सिध्दार्थनगर इटवा तहसील के अन्तर्गत



चुनाव के दृष्टिगत उपजिलाअधिकारी इटवा अभिषेक पाठक क्षेत्राधिकारी पुलिस इटवा व आबकारी विभाग निरीक्षक इटवा ने शराब की दुकानों की चेकिंग कर दिये जरूरी दिशा निर्देश।आगामी चुनाव के मद्देनजर देखते हुए उपजिलाअधिकारी के द्वारा शराब के दुकानो का किया निरीक्षण। उपजिलाअधिकारी ने दिया आवश्यक निर्देश। इस अवसर पर क्षेत्राधिकारी इटवा, आबकारी निरीक्षक इटवा सहित अन्य अधिकारीगण मौजूद रहे।

# कर्मचारी को पुलिस ने दुष्कर्म के मामले में भेजा जेल

देवरिया। ग्राहक सेवा केंद्र पर काम करने वाले कर्मचारी अखिलेश सिंह को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ के बाद उसे जेल भेज दिया। इस कर्मचारी पर हेराफेरी का आरोप लगाया जा रहा है। इस पर दो माह पहले एक महिला ने दुष्कर्म करने का आरोप लगाया था। इस मामले में केस दर्ज था। उसी मामले में उसकी गिरफ्तारी की गई है।

# पांच दुकानों का ताला तोड़ कर चोरी

देवरिया। खुखुंदू थाना क्षेत्र के पड़री पांडेय प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र चौराहे पर स्थित पांच दुकानों का ताला तोड़कर चोरों ने रात नकदी समेत हजारों का सामान उड़ा दिया। पहुंची पुलिस ने जांच की और जल्द घटना का पर्दाफाश करने का आश्वासन दिया। पड़री पांडेय गांव के प्रदीप पांडेय की मेडिकल स्टोर की चौराहे पर दुकान हैं। रात वह ताला बंद कर घर चले गए। जब सुबह दुकान पर पहुंचे तो उनके होश उड़ गए। दुकान का ताला टूटा था और इन्वर्टर, बैट्री, दवाएं व सात हजार रुपये गायब थे। पड़री बनमाली गांव के अनिल सिंह का मेडिकल स्टोर, कम्हरिया गांव के प्रमोद कुमार की किराना की दुकान, रामसेवक मौर्य की पान की दुकान, पड़री बाजार के इरफान के चिकन की भी दुकान का ताला टूटा मिला और हजारों रुपये के सामान गायब मिले। थानाध्यक्ष नवीन कुमार चौधरी ने कहा कि जल्द ही घटना का पर्दाफाश किया जाएगा।

# धूप के बीच तापमान गिरा, गलन के चलते ठिठुरे लोग

देवरिया। जिले में दोपहर बाद धूप तो निकली, लेकिन ठंड के साथ गलन के चलते लोग ठिठुर गए। न्यूनतम तापमान 10 डिग्री सेल्सियस से गिरकर 9 डिग्री सेल्सियस पर आ गया। उधर ठंड के बीच कोहरे का भी असर तेज हो गया है। शाम होते ही कोहरा गिरने लग रहा है तो सुबह 11 बजे तक इसका असर दिख रहा है। जिसके चलते सड़क पर वाहनों की रफ्तार धीमी हो जा रही है। उधर नगर पालिका व नगर पंचायतों में सार्वजनिक स्थलों पर अलाव जलाया जा रहा है।

शाम से ही कोहरा गिरने लगा। रात को दस बजे के बाद कोहरे का असर ग्रामीण अंचलों में ज्यादा हो गया। सुबह 11 बजे तक ग्रामीण अंचलों में कोहरे का असर रहा। कोहरे के चलते वाहनों की रफ्तार धीमी रही। कोहरा व आसमान में बादल होने के चलते भगवान भाष्कर का दर्शन दोपहर बाद कुछ देर के लिए हो सका।

धूप निकलने के बावजूद ठंड पर कोई असर नहीं रहा। नगर पालिका प्रशासन द्वारा शिव मंदिर, जिला अस्पताल, सुभाष चौक, रेलवे स्टेशन परिसर, रोडवेज परिसर, चिरैया ढाला, हनुमान मंदिर, कोआपरेटिव चौराहा समेत अन्य जगहों पर अलाव की व्यवस्था की गई है। ठंड के चलते रोडवेज की बसों में यात्रियों की संख्या कम हो गई है। शाम को सलेमपुर जाने वाली बस में केवल पांच यात्री नजर आए।

# दिन दहाड़े कस्बा से मोटर साईकिल चोरी

दैनिक बुद्ध का संदेश

गोरखपुर।चौरी चौरा थाना क्षेत्र के नगर पंचायत मुंडेरा बाजार स्थित वार्ड संख्या 10 निवासी सूरज विश्वकर्मा पुत्र दयानंद विश्वकर्मा के अपनी मोटर साईकिल को दोपहर डेढ़ बजे दरवाजा पर खड़ा कर घर मे चले गए कुछ देर बाद घर से बाहर आने पर मोटर साईकिल गायब मिली काफी खोजबीन के बाद भी वाईक का कोई आता पता नही लगा ।घटना की सूचना 112 नंबर को दिया गया है।

## सम्पादकीय

**ऐसे में राज्य सरकार को पूरा वैट छोडने के बावजूद साढ़े सात रुपये के करीब सब्सिडी प्रति लीटर देनी पड़ेगी। तब जाकर राज्य सरकार प्रति लीटर पच्चीस रुपये की छूट दे पायेगी। ऐसे में सरकार इस योजना को खस्ता माली हालत में कितने दिन चला पायेगी? वैसे उपभोक्ताओं को पेट्रोल पंपों पर एक माह में दस लीटर रियायती पेट्रोल ...**

# रियायत की सियासत

झारखंड की हेमंत सोरेन सरकार ने राज्य के राशनकार्डधारी दुपहिया वाहन चालकों को प्रति लीटर पेट्रोल में 25 रुपये की राहत देने की घोषणा करके पूरे देश को चौंकाया है। अन्य राज्यों के लोगों में उम्मीद जगायी है कि वहां भी ऐसी ही घोषणा हो। यूं तो पूरे देश में लोकतांत्रिक प्रणाली में रचनात्मक विकास से जनता की आकांक्षाओं पर खरे न उतर पाने वाले राजनेता जनता को मुफ्त का प्रलोभन अक्सर देते नजर आते हैं। खासकर उन राज्यों में, जहां चुनाव नजदीक हों। सोरेन सरकार ने अपने कार्यकाल के दो साल पूरे होने पर सस्ता पेट्रोल देने का वादा किया है। लेकिन हर किसी के दिमाग में यही सवाल है कि इस सस्ते पेट्रोल का अर्थशास्त्र क्या होगा? इसकी वजह यह है कि पेट्रोल के दाम में राज्य सरकार का हिस्सा सिर्फ वैट के रूप में होता है। यदि झारखंड सरकार पूरा वैट माफ कर दे तो भी 25 रुपये की छूट नहीं दी जा सकती। उल्लेखनीय है कि पिछले दिनों दीवाली के आसपास मोदी सरकार ने उत्पाद शुल्क में कमी करके जनता को राहत दी थी, जिसके बाद कुछ राज्य सरकारों ने भी वैट में कमी करके जनता को अतिरिक्त राहत दी थी। लेकिन झारखंड में राहत ज्यादा बड़ी है। बहरहाल, सोरेन सरकार ने 26 जनवरी, 2022 से राहत की नई व्यवस्था लागू करने की घोषणा की है। लेकिन सवाल वही है कि यह मुमकिन कैसे होगा? कह सकते हैं कि यह फैसला अभूतपूर्व है और महंगाई के दौर में जनता को राहत देने के लिये अन्य राज्यों के लिये अनुकरणीय है। हाल के महीनों में जिस तेजी से पेट्रोलियम पदार्थों के दाम बढ़े हैं, उसने लोगों का बजट बिगाड़ दिया है। वहीं बाजार में महंगाई में जो अभूतपूर्व तेजी देखी जा रही है, उसमें पेट्रोलियम पदार्थों की महंगाई की भी भूमिका हैं क्योंकि डीजल के दामों में वृद्धि से मालभाड़े में वृद्धि हो जाती है। हालांकि यह ट्रेंड वैश्विक है। पेट्रोलियम पदार्थों के दामों में तेजी से जनता में बेचौनी है। ऐसे में जहां एक ओर जनता में झारखंड की पहल की तरह दामों में राहत देने की आकांक्षा बढ़ेगी, वहीं राजनीतिक कारणों से ऐसी प्रतिस्पर्धा भी पैदा हो सकती है। निस्संदेह, समाज के कमजोर वर्गों को राहत दी जानी चाहिए। ऐसे में झारखंड सरकार का प्रयास एक मिसाल है, जो स्कूटर व मोटरसाइकिल धारकों के लिये राहतकारी है। हालांकि, इस योजना के क्रियान्वयन की अपनी दिक्कतें होंगी। इसे लागू करना सरल नहीं होगा। जहां एक ओर पेट्रोल पंपों पर पारदर्शी व्यवस्था बनानी होगी, वहीं कोशिश करनी होगी कि इस छूट का दुरुपयोग न हो। कहीं रियायती दरों के पेट्रोल का उपयोग चौपहिया वाहन चालक येन–केन प्रकारेण न करने लग जाएं। विगत में पेट्रोल पंपों की कार्यप्रणाली को लेकर तमाम सवाल उठते रहे हैं। ऐसे में जरूरतमंदों को दी जानी वाली राहत का क्षरण रोकना प्राथमिकता हो, जिसके लिये राज्य में एक व्यावहारिक ढांचा बनाये जाने की जरूरत है, ताकि छूट व सब्सिडी का लाभ जरूरतमंदों तक पहुंच पाये। लेकिन सवाल वही पुराना है कि पहले से कर्ज में डूबे राज्य में पूरा वैट माफ करने के बाद भी सब्सिडी देने से राज्य की वित्तीय सेहत कैसे कायम रह सकेगी। उल्लेखनीय है कि पेट्रोल पर मुख्य रूप से तीन कर लगते हैं। पहला केंद्र सरकार द्वारा लगाये जाने वाला उत्पाद शुल्क, जिसमें राज्य सरकार कटौती नहीं कर सकती। दूसरा डीलर का कमीशन होता है जिसे वे छोडने को तैयार नहीं होंगे। तीसरा राज्य सरकार के अधिकार क्षेत्र में आने वाला वैट है, जो फिलहाल झारखंड में बाइस फीसदी है, जो प्रति लीटर पेट्रोल पर साढ़े सत्रह रुपये बैठता है।

## कविता

### सावधान !

आफत मची है दुनिया में, सांसत में जान है,
फिर वायरस की जद पे ये सारा जहान है।।

डर लग रहा है फिर न घरों में हों कैद हम
फिर पिछले लाकडाउन का आ जाता ध्यान है.

छोड़ा अभी कहाँ था कोरोना के भूत ने,
पीछे पड़ा प्रेत अब ओमिक्रान है।।

दो गज की दूरी अब भी जरूरी है दोस्तों,
बचने के लिए रहना बहुत सावधान है.

बचना है भीड़ भाड़ से, ढकना है मुंह हमें,
खच्तरे में बच्चा– बच्चा है, बूढ़ा, जवान है।।

बाहर तभी निकलिए जरूरी हो जब बहुत,
सबसे सुकून की जगह अपना मकान है.

दुनिया में आने वाली है दहशत की सुनामी
इस तीसरी लहर का कुछ ऐसा उफान है।।

मेलों, झमेलों में नहीं जाना ही ठीक है,
हम सब ये मान लें, यही विधि का विधान है।।

करते रहें नियाज दुआ सबके वास्ते,
सब पर रहम करे वो, जो सबसे महान है।।



रचनाकार
नियाज कपिलवस्तुवी/दैनिक बुद्ध का संदेश

# अनुभवी मिसरी को बड़ी जिम्मेदारी

**ऐसे में चीनी मामलों की विशेषज्ञ की देश को जरूरत भी थी, क्योंकि इस मुश्किल वक्त में मिसरी लगातार चीनी विदेश मंत्रालय के संपर्क में रहे थे। जिसके बाद सैन्य व कूटनीतिक वार्ताओं के बाद कुछ इलाकों से चीनी सेना की वापसी हुई। इसके अलावा विक्रम मिसरी को हिंद प्रशांत क्षेत्र के मामलों में एक कुशल रणनीतिकार माना जाता है। मिसरी इससे पहले म्यांमार और स्पेन में भारतीय राजदूत के तौर पर भी ...**

अरुण नैथानी

जिस शख्स ने देश के तीन प्रधानमंत्रियों के निजी सचिव के रूप में यूरोप, अफ्रीका व उत्तरी अमेरिका में भारतीय मिशनों में तथा चीन के साथ सबसे मुश्किल समय में चुनौतिपूर्ण भूमिका निभाई हो, उस व्यक्ति को राष्ट्रीय सुरक्षा से जुड़ी महत्वपूर्ण जिम्मेदारी देना निस्संदेह तार्किक ही है। हाल में चीन में राजदूत के दायित्वों से मुक्त होने के बाद विक्रम मिसरी को उपराष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार यानी डिप्टी एनएसए बनाया जाना उनकी क्षमता व अनुभव का बेहतर उपयोग ही कहा जायेगा। खासकर राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल की टीम को ऐसे वक्त में मदद मिलेगी, जब चीन से भारत के रिश्ते इतिहास के सबसे जटिल दौर में पहुंच चुके हैं। बेहद टकराव भरे समय में चीन में राजदूत के रूप में उनके तीन साल के कार्यकाल का अनुभव भविष्य की कूटनीतिक रणनीति बनाने में निस्संदेह सहायक ही होगा। दरअसल, मिसरी वर्तमान डिप्टी एनएसए पंकज सरन का स्थान लेंगे, जो आज अपने पद से सेवानिवृत्त हो रहे हैं। पंकज सरन इससे पहले रूस व बांग्लादेश में भारतीय मिशन की जिम्मेदारी संभाल चुके हैं। चीन में राजदूत के रूप में मिसरी की पारी कितनी महत्वपूर्ण रही है, यह इस बात से पता चलता है कि उनके विदाई कार्यक्रम में चीन के विदेश मंत्री वांग यी ने भाग लिया और उनके कार्यकाल के दौरान भूमिका को सराहा।

सात नवंबर, 1964 को कश्मीर स्थित श्रीनगर में जन्मे विक्रम मिसरी वर्ष 1989 बैच के भारतीय विदेश सेवा के अधिकारी हैं। प्रारंभिक शिक्षा सिंधिया स्कूल से करने के बाद दिल्ली विश्वविद्यालय के हिंदू कालेज से स्नातक की पढ़ाई पूरी की। कालांतर उन्होंने एमबीए की डिग्री भी हासिल की। इसके बाद तीन साल तक विज्ञापन व विज्ञापन फिल्म निर्माण के क्षेत्र में कार्य भी किया। वे केंद्र सरकार में विदेश मंत्रालय में अंडर सेक्रेटरी से लेकर निदेशक तक का दायित्व संभाल चुके हैं। उन्होंने देश के तीन प्रधानमंत्रियों का विश्वास हासिल किया। उन्होंने वर्ष 1997 से मार्च, 1998 तक प्रधानमंत्री इंद्र कुमार गुजराल के, अक्तूबर, 2012 से मई, 2014 तक प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह तथा वर्ष 2014 में मई से जुलाई तक प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के निजी सचिव के रूप में काम किया।

मिसरी को वर्ष 2018 में चीन का राजदूत बनाया गया। इसके बाद का समय दोनों देशों के बीच बेहद टकरावभरा रहा है। जिसका चरम लद्दाख की गलवान घाटी में भारत–चीन के सैनिकों के बीच खूनी संघर्ष के रूप में सामने आया। जिसमें दोनों तरफ के सैनिकों की क्षति हुई। जिसके चलते कूटनीतिक संबंध बेहद खराब दौर में पहुंच गये। ऐसे मुश्किल वक्त में दोनों देशों के बीच हुई बातचीत में मिसरी की महत्वपूर्ण भूमिका रही। वे लगातार चीनी पक्ष को स्मरण कराते रहे हैं कि दोनों देशों के बीच मौजूदा दौर चुनौतीपूर्ण जरूर है, लेकिन ये संबंध बेहद संभावना भरे भी हैं। साथ ही राजनीतिक, कूटनीतिक व सैन्य वार्ताओं को रास्ता निकालने में सहायक बताया।

भारत में नवंबर, 2019 में जब महाबलीपुरम में भारत व चीन के शिखर सम्मेलन में चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने भाग लिया तो उस महत्वपूर्ण दौर में मिसरी ने चीन में राजदूत के रूप में महत्वपूर्ण भूमिका निभायी। इन कूटनीतिक चुनौतियों के अलावा वर्ष 2019 की समाप्ति पर जब कोरोना महामारी ने चीन से निकलकर पूरी दुनिया में कोहराम मचाया तो भारतीय राजदूत के रूप में उन्होंने बेहद चुनौतीपूर्ण समय का मुकाबला किया। एक ओर जहां व्यापारिक रिश्ते बाधित हुए और दवाओं से जुड़ी कच्ची सामग्री समेत आवश्यक वस्तुओं की आपूर्ति में बाधा आई तो मिसरी की भूमिका महत्वपूर्ण हो गई। इसके अलावा भारतीय नागरिकों के आवागमन के अलावा चीन में पढने वाले करीब ढाई हजार छात्रों के भारत में फंसने का संकट भी सामने था। इस समस्याओं के निदान में उन्होंने रचनात्मक भूमिका निभाई।

निस्संदेह, भारत–चीन के रिश्ते सामान्य करने में उनका पिछला अनुभव काम आयेगा। हालांकि, अनुभवी राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल की टीम में दो अन्य उपराष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार राजेंद्र खन्ना और दत्ता पंडसालगिकर पहले ही काम कर रहे हैं। निस्संदेह, ऐसे में प्रधानमंत्री कार्यालय में काम करने का उनका अनुभव काम आयेगा। निस्संदेह, एक अनुभवी राजनयिक विक्रम मिसरी की नयी पारी का लाभ देश को मिलेगा।

बदले हुए भू–सामरिक परिदृश्य में भारत व चीन के बीच संबंध सामान्य करना भारत की प्राथमिकता है। हालांकि, रूस से करीब होते रिश्ते देश का संबल बढ़ाने वाले हैं, लेकिन भौगोलिक रूप से चीन हमारा पड़ोसी है, हमारे व्यापारिक हित आपस में जुड़े हैं। ऐसे में जून, 2020 में लद्दाख की गलवान घाटी की घटना व सीमा पर बना तनाव कम करने में मिसरी की भूमिका का लाभ भविष्य की रणनीति को तैयार में मददगार होगा क्योंकि मिसरी इन वार्ताओं का हिस्सा रहे हैं। ऐसे में चीनी मामलों की विशेषज्ञ की देश को जरूरत भी थी, क्योंकि इस मुश्किल वक्त में मिसरी लगातार चीनी विदेश मंत्रालय के संपर्क में रहे थे। जिसके बाद सैन्य व कूटनीतिक वार्ताओं के बाद कुछ इलाकों से चीनी सेना की वापसी हुई। इसके अलावा विक्रम मिसरी को हिंद प्रशांत क्षेत्र के मामलों में एक कुशल रणनीतिकार माना जाता है। मिसरी इससे पहले म्यांमार और स्पेन में भारतीय राजदूत के तौर पर भी अपनी महत्वपूर्ण सेवाएं दे चुके हैं।

**गानिस्तान में तालिबान की वापसी हुई है, उससे शंकाएं बढ़ती जा रही हैं। अफगानिस्तान के लिए तो यह आपदा ही है। आम अफगानी इस सर्दियों में जिस तरह से परेशानियां झेल रहे हैं, उनके चलते बहुत ज्यादा समस्याएं खड़ी होंगी। तालिबान के आने से चरमपंथी समूहों को भी बूस्ट मिला है। दक्षिण एशिया सहित इस पूरे क्षेत्र में बहुत सारी आशंकाएं फैली हैं। पाकिस्तान में हम इसका प्रभाव पहले ही देख...**

# कोरोना से राहत मिले तो कुछ और सोचे दुनिया

हर्ष वी. पंत

इस साल इंटरनैशनल पॉलिटिक्स में काफी उथल–पुथल रही। सबसे बड़ा मुद्दा तो यही रहा कि कोरोना से कैसे निजात मिले। यह साल एक तरह से कोरोना से शुरू होकर कोरोना पर ही खत्म हो रहा है। साल की शुरुआत में पहली और दूसरी लहर आई। फिर धीरे–धीरे जब ऐसा लगने लगा कि दुनिया वापस ढर्रे पर आ रही है, तो ओमिक्रॉन की आहट आने लगी। उसके चलते दोबारा कई तरह की रोक लगा दी गई है और टेंशन का माहौल है कि खत्म होने का नाम ही नहीं ले रहा।

पश्चिम से मध्य एशिया

कोविड सिर्फ एक हेल्थ क्राइसिस नहीं है। यह इकनॉमिक क्राइसिस भी है, वेल्थ क्राइसिस भी है। इस साल जो हेल्थ क्राइसिस से वेल्थ क्राइसिस बना था, उससे अभी तक दुनिया निकल नहीं पाई है। पहले ऐसा लग रहा था कि निकल जाएगी, पर ऐसा हो नहीं पाया। कोविड से जंग का कोई परिणाम अभी तक सामने नहीं आया है। लग रहा है कि कोविड के साथ जीना दुनिया को सीखना पड़ेगा, यही न्यू नॉर्मल रहेगा।

साल की शुरुआत में जो एक बड़ा डिवेलपमेंट रहा, वह ये कि ट्रंप एडमिनिस्ट्रेशन से बाइडन एडमिनिस्ट्रेशन की तरफ अमेरिका में एक राजनीतिक बदलाव आया। इससे उम्मीद थी कि कोई बहुत बड़ा नाटकीय परिवर्तन होगा, क्योंकि ट्रंप को कई लोग एक खास नजरिए से देखते थे। लेकिन गौर करें तो अमेरिकी विदेश नीति या अमेरिका के अंदरूनी माहौल में कोई बहुत बड़ा परिवर्तन नहीं आया है। बाइडन एडमिनिस्ट्रेशन ने थोड़ा–बहुत बदलाव करने की कोशिश की है। लेकिन जो बड़े ट्रेंड्स हैं, मुद्दे हैं, चाहे वे विदेश नीति के हों या घरेलू नीति के, उसमें अगर आप उनका अंदरूनी हाल देखें तो पोलराइजेशन बहुत ज्यादा है। रिपब्लिकंस और डेमोक्रेट्स अभी भी काफी पोलराइज्ड हैं। एक्स्ट्रीम लेफ्ट और एक्सट्रीम राइट के लोग अभी भी एक–दूसरे से बात करने को तैयार नहीं हैं। राजनीतिक समझौते नहीं हो रहे हैं।

ऐसे में जो बाइडन का अजेंडा अभी भी अटका हुआ है। इन्फ्रास्ट्रक्चर प्लान उनको कम करना पड़ा क्योंकि उन पर मॉडरेट्स का दबाव बना। विदेश नीति में उन्होंने ज्यादातर बातें ट्रंप की ही फॉलो की हैं। बाइडन एडमिनिस्ट्रेशन ने चीन पर और दबाव डालने की कोशिश की है। उसकी आर्थिक गतिविधियों पर कई और प्रतिबंध लगाए हैं। विंटर ओलिंपिक्स के बहिष्कार की घोषणा की। शिनजियांग और वीगर मुद्दे को लेकर काफी एक्सप्रेसिव बयान दिए। मानवाधिकारों के मामले में चीन को कटघरे में खड़ा करने की कोशिश की। अभी जो समिट ऑफ डेमोक्रेसी हुआ था, उसमें भी चीन को घेरा गया। मुझे लगता है कि दूसरा बड़ा ट्रेंड यह रहा कि अमेरिकी विदेश नीति का ग्लोबल पॉलिटिक्स में जो रोल है, उसमें ट्रंप और बाइडन में ज्यादा बदलाव नहीं दिखा।

अंतरराष्ट्रीय राजनीति में तीसरा बड़ा ट्रेंड हिंद प्रशांत क्षेत्र का रहा। हमने देखा कि कैसे दुनिया भर की राजनीति का केंद्रीय गुरुत्वाकर्षण हिंद प्रशांत पर केंद्रित हुआ। अमेरिकी विदेश नीति हिंद प्रशांत पर केंद्रित है और चीन तो है ही यहां पर। तो जो भी बड़े बदलाव आ रहे हैं, बड़े विवाद चल रहे हैं, वे हिंद प्रशांत से जुड़े हैं। चाहे वे तकनीक के हों, सप्लाई चेन के हों, समुद्री सीमा सुरक्षा के हों, व्यापार के हों, या चाहे इन्फ्रास्ट्रक्चर कनेक्टिविटी से संबंधित हों। हिंद प्रशांत क्षेत्र में में जो बड़ा बदलाव आया है, वह अमेरिका, भारत, जापान और ऑस्ट्रेलिया का क्वाड प्लेटफॉर्म है। इस साल क्वाड पुख्ता तरीके से खड़ा हुआ। दो समिट हुए, एक वर्चुअल, एक फिजिकल। चीन को एक बड़ा संदेश दिया गया कि हिंद प्रशांत में बड़ी ताकतें एक साथ काम करने को तैयार हैं और छोटे देशों को एक साथ विकल्प देने को तैयार हैं। फिर जिस तरह से शी जिनपिंग का दबदबा चीन में बढ़ता जा रहा है, उसको लेकर भी चिंताएं बढ़ती जा रही हैं। ऐसे में चौथा ट्रेंड भी हिंद प्रशांत से ही जुड़ा हुआ नजर आता है। चीन में शी जिनपिंग का जो कंट्रोल है, वह लगभग पूरा हो गया है। इस बार पार्टी के समारोह में उन्होंने खुद को माओ की तुलना में खड़ा कर दिया। बाकी के पुराने नेता दूसरी श्रेणी में खड़े किए गए। एक तरह से उनके व्यक्तित्व का चीन में पंथ बन रहा है। इसे लेकर काफी आशंकाएं जताई जा रही हैं कि इसके चीन में क्या नकारात्मक प्रभाव होंगे और इनका चीन की विदेश नीति पर क्या प्रभाव होगा। इसके कुछ संकेत तो हमें अभी से देखने को मिल रहे हैं। चीन ने पड़ोसी देशों के साथ आक्रामक रुख अपनाया है। भारत के खिलाफ हिमालय में उसका रवैया इस बात का सबसे बड़ा उदाहरण है। साउथ चाइना सी में उसका जैसा वुल्फ ओरिएंटेड सीन देखने को मिल



रहा है वह भी गौर करने लायक है। ऐसे में अगले साल भी चीनी रुख में किसी तरह का बदलाव आने की उम्मीद नहीं की जा सकती। सबसे बड़ा घटनाक्रम इस साल आतंकवाद और चरमपंथ को लेकर हुआ है। जिस तरह से अफगानिस्तान में तालिबान की वापसी हुई है, उससे शंकाएं बढ़ती जा रही हैं। अफगानिस्तान के लिए तो यह आपदा ही है। आम अफगानी इस सर्दियों में जिस तरह से परेशानियां झेल रहे हैं, उनके चलते बहुत ज्यादा समस्याएं खड़ी होंगी। तालिबान के आने से चरमपंथी समूहों को भी बूस्ट मिला है। दक्षिण एशिया सहित इस पूरे क्षेत्र में बहुत सारी आशंकाएं फैली हैं। पाकिस्तान में हम इसका प्रभाव पहले ही देख रहे हैं कि किस तरह से चरमपंथी समूह अब सड़कों पर उतर आए हैं और पाकिस्तान की सरकार उनके सामने घुटने टेक रही है।

रूस–भारत संबंध

इसका प्रभाव मध्य एशिया में भी काफी चिंता का विषय बना हुआ है। मध्य एशिया के जो पांच देश हैं, उनके साथ रूस भी इसे लेकर काफी परेशान है। मध्य एशिया और रूस के संबंधों ने जो गति पकड़ी है, अफगानिस्तान उसका बहुत बड़ा कारण है। वहां आतंकवाद और चरमपंथ के जोर पकडने के आसार हैं। ऐसे में पूरी संभावना है कि मध्य और दक्षिण एशिया के देशों को साथ में काम करना पड़ेगा।



## पोखरे के पट्टा के विवाद को लेकर थाने में भिड़े दो पक्ष

देवरिया। खामपार थाने में पोखरा के पट्टे के विवाद को लेकर दो पक्ष आपस में भिड़ गए। यहां पहुंचे दोनों पक्षों को थानाध्यक्ष की गैर मौजूदगी में पुलिस कर्मियों ने भगा दिया। थाना परिसर में ही पुनरू दोनों पक्ष इकट्ठा हुए और जब आपस में विवाद करने। पुलिस ने दुबारा दोनों पक्षों को थाना के बाहर तक खदेड़ा। इस दौरान भाजपा नेताओं ने मामले में कार्रवाई के लिए एसपी से शिकायत की। एसपी के निर्देश पर पहुंचे अपर पुलिस अधीक्षक ने जांच की और रिपोर्ट एसपी को देने की बात कही। बहोरवा गांव में पोखरा का पट्टा मलहचक के रहने वाले रामसनेही मल्लाह के नाम हुआ है। इसको लेकर गांव में खेमाबंदी हो गई है। दूसरा खेमा रामसनेही के पट्टे का विरोध करते हुए यह कह रहा है कि इससे पहले भी पट्टा किसी और के नाम हुआ है। मछली मारने को लेकर दोनों पक्ष आमने–सामने हो चुके हैं। रामसनेही ने अपने को असल पट्टेदार बताते हुए पुलिस को तहरीर दिया कि कुछ लोगो द्वारा मछली मारने में व्यवधान उत्पन्न किया जा रहा है। थानाध्यक्ष ने दोनों पक्षों को थाने में बुलाया था। दोनों पक्ष थाना पहुंचे उससे पहले थानाध्यक्ष संपूर्ण समाधान दिवस में चले गए। इसी दौरान थानाध्यक्ष की अनुपस्थिति में थाने में ही पहले दोनों पक्षों में कहासुनी हुई। इस दौरान दूसरे पक्ष ने बहोरवा गांव निवासी एक भाजपा के पदाधिकारी को भला बुरा कहा। इस बात से नाराज भाजपा पदाधिकारी ने बुराभला कहने वाले के खिलाफ थाना में शिकायत कर कार्रवाई की मांग की। विवाद की वजह से थाने में कई घंटे तक अफरातफरी की स्थिति रही।

## पुलिस और प्रशासन की शराब तस्करों पर होगी विशेष नजर

देवरियारू विधानसभा चुनाव को शांतिपूर्ण ढंग से कराने के लिए जिला प्रशासन ने अभी से कमर कस ली है। शराब तस्करी और अवैध शराब निर्माण की गतिविधियों को नियंत्रित करने के उद्देश्य से तहसीलवार पांच टीमों का जिलाधिकारी आशुतोष निरंजन ने गठन किया। यह टीमें पांच जनवरी से 31 मार्च तक सक्रिय रहेंगी और अभियान चलाकर कार्रवाई करेंगी। जिलाधिकारी आशुतोष निरंजन ने बताया कि सभी तहसीलों में उप जिलाधिकारी, क्षेत्राधिकारी तथा आबकारी निरीक्षक टीम के सदस्य होंगे। यह टीम उप जिलाधिकारी के नेतृत्व में चिन्हित अवैध शराब के अड्डों पर प्रभारी कार्रवाई करेगी। टीम संदिग्ध ढाबे, किराने की दुकानों की भी समय–समय पर जांच करेगी। टीम थोक व फुटकर दुकानों की भी समय–समय पर जांच करेगी और बारकोड से भी जांच करेगी। मिथाइल अल्कोहल के प्रयोग को रोकने के लिए विशेष अभियान चलाया जाएगा। जिलाधिकारी ने बताया कि चुनाव में शराब की खपत बढ़ने की उम्मीद है, ऐसे में नकली शराब निर्माताओं और शराब तस्करों पर नकेल कसने का कार्य यह टीम करेगी। इसमें लापरवाही बरतने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

## चार शातिरों के खिलाफ गैंगस्टर की कार्रवाई

चुनाव नजदीक आते ही पुलिस ने शातिरों के खिलाफ कार्रवाई शुरू कर दी है। रामपुर कारखाना पुलिस ने चार शातिरों के खिलाफ गैंगस्टर की कार्रवाई की गई। जिसमें गोरखपुर जनपद के गगहा थाना क्षेत्र के ग्राम मेहदिया का रहने वाला मुस्ताक, खुखुंदू थाना क्षेत्र के ग्राम छठियांव का रहने वाला शिवनाथ गिरी, बड़हलगंज के चिल्लूपार निवासी व आजमगढ़ के बिलरियागंज थाना के ग्राम करमैनी निवासी सोहराब शामिल है। कुछ और अपराधियों पर भी कार्रवाई होगी।

## जिले में दो और कोरोना संक्रमित मिले

महराजगंज। जिले में कोरोना संक्रमितों की संख्या बढ़ने लगी है। दो और कोरोना रोगी पाए गए हैं। लगातार मरीजों की संख्या में वृद्धि होने से अधिकारियों की बेचौनी भी बढ़ गई है। वर्तमान में जिले में सक्रिय रोगियों की संख्या 24 तक पहुंच गई है। सिसवा ब्लाक की वृद्धा और महराजगंज की एक युवती की रिपोर्ट कोरोना पाजिटिव आई है। नोडल अधिकारी डा. आइए अंसारी ने बताया कि जिले में कुल संक्रमितों की संख्या 12467 है। इसमें 12303 ने कोरोना से जंग जीत ली है। जबकि 140 की अब तक मृत्यु हो चुकी है। वर्तमान में सक्रिय रोगियों की संख्या त्रिपुरा के 19 यात्रियों सहित 24 हो गई है।

## 4967 को लगा टीका, 1220 की हुई जांच

महराजगंज। नये वर्ष का पहला दिन होने के कारण कोरोनारोधी टीका और जांच का कार्य काफी फीका रहा। केंद्रों पर कम संख्या में ही लोग पहुंचे। इस दौरान कुल 4967 लोगों को टीका लगाया गया और 1220 लोगों की जांच की गई। नोडल अधिकारी डा. आइए अंसारी ने बताया कि जिला संयुक्त चिकित्सालय सहित सभी सीएचसी पर कुल 4967 युवक, महिलाएं और पुरुषों को टीका लगाया गया। एंटीजन से 619 की जांच की गई। आरटीपीसीआर जांच के लिए 601 के नमूने भेजे गए।

## केक काटकर धूमधाम से मनाया नववर्ष

महराजगंज। सोनौली नगर पंचायत चेयरमैन कामना त्रिपाठी के प्रतिनिधि शिवम त्रिपाठी ने स्टार पब्लिक स्कूल के बच्चों के साथ केक काटकर नववर्ष 2022 धूमधाम से मनाया। इस बीच नगरवासियों को शुभकामनाएं देते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की गई। सभासद प्रदीप नायक, अफरोज खान, विनय यादव, राजकुमार नायक, आशिक अली, अहद खान, आशुतोष त्रिपाठी, मोनू खान आदि उपस्थित रहे। नेपाल में भी नर्व वर्ष की धूमः नेपाल में नव वर्ष को लोगों ने काफी धूमधाम के साथ मनाया। कोविड गाइडलाइन का पालन करते हुए लोगों ने एक दूसरे को नव वर्ष की बधाई दी। भैरहवा और आस पास के क्षेत्र में नगरवासी झूमते नजर आए। इस दौरान भैरहवा, बुटवल, लुंबिनी में फुड फैस्टिबल का आयोजना किया गया। लायन्स क्लब आफ भैरहवा, गौतम बुद्ध द्वारा आयोजित कार्यक्रम में नेपाली गायक दुर्गेश थापा सहित भोजपुरी गायक विनय बिहारी के गीत पर स्थानीय लोग थिरकते नजर आए। भैरहवा में नमस्ते भैरहवा फुड फेस्ट आयोजना किया गया। लुंबिनी होटल संघ के आयोजन में आठवां फुड फैस्टिबल का आयोजना हुआ। नेपाली खाने की अलावा यहां के स्थानीय और जातिगत परिवार महोत्सव मुख्य आकर्षण रहे।

# मेहरौना बार्डर से कुंडौली तक फोरलेन होगा रामजानकी मार्ग

देवरिया। मेहरौना बार्डर से कुंडौली तक फोरलेन होगा रामजानकी मार्ग रामजानकी मार्ग (एनएच–227ए) की दशा जल्द सुधरेगी। मेहरौना बार्डर से कुंडौली तक फोरलेन बनेगा जबकि कुंडौली से बड़हलगंज तक सड़क 10 मीटर चौड़ी बनेगी। इस पर 976 करोड़ रुपये खर्च होंगे। निर्माण के लिए टेंडर की प्रक्रिया शुरू हो गई है। लार रोड व बरहज में रेलवे लाइन के ऊपर रेलवे ओवरब्रिज बनेगा। भारत माला श्रृंखला के तहत रामजानकी मार्ग का निर्माण कराया जाएगा। सड़क के चौड़ीकरण में किसानों की भूमि अधिग्रहित की जाएगी। बिजली पोल, तार, पेड़ को हटाया जाएगा। बरहज व लार रोड के समीप रेलवे क्रासिग पर रेल ओवरब्रिज (आरओबी) बनाया जाएगा। इसके अलावा पुलियों व बाईपास का भी निर्माण कराया जाएगा। केवल सड़क निर्माण की लागत 590.91 करोड़ आएगी, जबकि किसानों को मुआवजा व जीएसटी समेत कुल खर्च 976 करोड़ आएगा। इसके बन जाने से गोरखपुर से बिहार जाना आसान हो जाएगा। वर्तमान में इस सड़क की हालत बहुत खराब है। कई जगहों पर गिट्टियां बिखरी हैं। सांसद बांसगांव कमलेश पासवान व सांसद सलेमपुर रविदर कुशवाहा की तरफ से इसके निर्माण के लिए प्रस्ताव भेजा गया था। सड़क बनने से बहुत हद तो लोगों को राहत मिल जाएगी। क्षतिग्रस्त की वजह से लोगों को परेशान नहीं होना पड़ेगा। एनएच के अधिशासी अभियंता कमल किशोर ने कहा कि सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय भारत सरकार इस सड़क का निर्माण कराएगा। नीदरलैंड की कंपनी रायल हस्कोनिग डीएचवी ने इसका डीपीआर (डिटेल प्रोजेक्ट रिपोर्ट) तैयार किया है। मंत्रालय की तरफ से टेंडर की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। फरवरी 2022 तक यह प्रक्रिया पूरी की जाएगी।

# संपूर्ण समाधान दिवसः खाली हाथ लौटे फरियादी

देवरिया। रुद्रपुर तहसील सभागार में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस में न्याय की आस में आए फरियादियों को बैरंग लौटना पड़ा। जिलाधिकारी आशुतोष निरंजन ने कहा कि सर्वाधिक मामले राजस्व से जुड़े आ रहे हैं। टीम बनाकर इन मामलों का निस्तारण कराया जाए। आइजीआरएस पोर्टल पर लंबित मामलों का निस्तारण हो, इसमें किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक डा. श्रीपति मिश्र ने लोगों की फरियाद सुनी। गलन के साथ ठंड होने के बावजूद 29 लोग अपनी समस्याएं लेकर समाधान दिवस पर पहुंचे और जिलाधिकारी से अपनी फरियाद कही। लेकिन इसमें से एक भी फरियादी की समस्या का मौके पर निस्तारण नहीं हो सका।

राजस्व से जुड़े 15, पुलिस से सात, विकास से जुड़े चार व अन्य विभागों से जुड़े तीन मामले शामिल रहे। इस दौरान करहकोल के ग्रामीणों ने ग्राम प्रधान अखंड प्रताप सिंह के नेतृत्व में जिलाधिकारी के सामने पहुंच कर 500 एकड़ नदी के किनारे मौजूद भूमि पर कुछ लोगों द्वारा कब्जा करने की शिकायत की। पुलिस अधीक्षक डा.श्रीपति मिश्र ने कहा कि थाने पर आने वाले हर फरियादी की समस्या को गंभीरता से सुने और मुकदमा दर्ज करें। चुनाव को देखते हुए संदिग्ध लोगों पर नजर रखें और कार्रवाई करें। इस दौरान उप जिलाधिकारी संजीव कुमार उपाध्याय, तहसीलदार अभयराज, हिमांशु, बृजेश कुमार मौजूद रहे। उधर देवरिया सदर तहसील परिसर में एसडीएम सौरभ सिंह की अध्यक्षता में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस पर कुल 11 मामले आए। जिसमें से एक का निस्तारण कर दिया गया। इसमें पुलिस के चार, राजस्व के चार, पूर्ति के एक, विकास विभाग से जुड़े दो मामले शामिल रहे।

# जिले में चौबीस घंटे में मिले छह कोरोना पाजिटिव

देवरिया। जिले में कोरोना संक्रमण धीरे–धीरे सिर उठाने लगा है। जिले में चौबीस घंटे में आई कोरोना जांच रिपोर्ट में छह पाजिटिव पाए गए हैं। जिसमें चार विदेश से घूम कर आए हैं तो दो महानगरों से गांव पहुंचे हैं। देर शाम जांच रिपोर्ट आने के कारण किसी भी पाजिटिव की कांटेक्ट ट्रेसिग नहीं हो पाई। फोन करने पर सभी पाजिटिव बाजार में सामान की खरीदारी करते मिले। रविवार को सभी की कांटेक्ट ट्रेसिग व सैंपलिग कराई जाएगी। चौबीस घंटे में अचानक छह पाजिटिव मिलने से स्वास्थ्य विभाग के कान खड़े हो गए हैं। जिले में सक्रिय केस की संख्या अब 11 हो गई है। पाजिटिव में भलुअनी क्षेत्र के एक गांव निवासी एक ही घर के दो लोग कोरोना पाजिटिव पाए गए हैं। दोनों कुछ दिन पूर्व ही दुबई से आए हैं। उधर इसी क्षेत्र के एक गांव का रहने वाला एक व्यक्ति कोरोना की दूसरी डोज लगवाने के लिए भुलअनी पीएचसी गया था। वहां से टीका लगवाने के पूर्व कोरोना की जांच कराई। जिसमें जांच रिपोर्ट पाजिटिव आई है। वह मुंबई रहता और ट्रेन से मुंबई जा रहा था कि उसे पाजिटिव होने की सूचना दी गई। भलुअनी क्षेत्र के अन्य गांव का रहने वाला एक अन्य व्यक्ति भी पाजिटिव है। वह भी कुछ दिन पूर्व दुबई से ही आया है। लार क्षेत्र की एक महिला भी विदेश घूमने गई थी, उसकी भी जांच रिपोर्ट पाजिटिव आई है। सलेमपुर क्षेत्र का एक पुरुष भी कोरोना पाजिटिव है। सीएमओ डा. आलोक पांडेय ने कहा कि आज छह की जांच रिपोर्ट पाजिटिव आई है। कोरोना के प्रति लोगों को जागरूक किया जा रहा है। 10366 को लगाया गया कोरोनारोधी टीकाः जिले में जिला अस्पताल समेत अन्य टीकाकरण केंद्रों पर 10366 लोगों को कोरोनारोधी टीका लगाया गया। स्वास्थ्य विभाग छूटे हुए लोगों को कोरोनारोधी टीका लगाने पर जोर दे रहा है। स्वास्थ्यकर्मी लोगों को कोरोनारोधी टीका लगवाने के लिए प्रेरित कर रहे हैं।

# जिले में 1.88 लाख किशोरों को लगेगा कोरोनारोधी टीका

महराजगंज। कोरोना के नए वैरिएंट ओमिक्रोन के मद्देनजर शासन ने सतर्कता बढ़ा दी है। अब 15 से 18 वर्ष के आयु के 1.88 लाख किशोरों के लिए भी जिले में टीका उपलब्ध करा दिया गया है। तीन जनवरी से टीकाकरण का कार्य सुबह 10 बजे से शुरू होगा। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. एके श्रीवास्तव ने बताया कि सोमवार से प्रत्येक ब्लाक के एक इंटर कालेज पर बच्चों के लिए शिविर आयोजित कर टीकाकरण का कार्य किया जाएगा। जनपद के 12 ब्लाकों पर टीकाकरण का कार्य होगा। इसके बाद इसे बढ़ाते हुए 244 स्कूलों पर टीकाकरण का कार्य किया जाएगा। बच्चे कोविन पोर्टल पर अपना रजिस्ट्रेशन कर सकते हैं। टीका लगवाने के लिए उन्हें आधार कार्ड दिखलाना होगा। उन्होंने कहा कि जिन बच्चों का आधार कार्ड नहीं बन सका है, उन्हें घर घर जाकर टीकाकरण करने वाली टीम उनके पिता के मोबाइल नंबर से रजिस्ट्रेशन कर टीका लगाने का कार्य पूरा करेंगी। टीकाकरण के लिए स्वास्थ्य टीम को निर्देश दिए गए हैं।

# शिकायतों का निस्तारण गुणवत्तापूर्ण ढंग से करेंः डीएम

महराजगंज। जिले की चारों तहसीलों में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस में कुल 165 शिकायती पत्र आए, जिसमें 21 का निस्तारण किया गया। शेष संबंधित विभागों को निस्तारित करने के लिए भेजा गया। डीएम सत्येन्द्र कुमार व पुलिस अधीक्षक प्रदीप गुप्ता ने सदर तहसील सभागार में फरियादियों की समस्याएं सुनी। इस दौरान कुल 45 मामले आए, जिसमें सात का मौके पर निस्तारण कर किया।

डीएम ने कहा कि शिकायतों का निस्तारण गुणवत्तापूर्ण ढंग से समय से करें। ताकि आमजन को भागदौड़ न करना पड़े। आइजीआरएस की शिकायतों की निस्तारण का मौके पर सत्यापन के लिए डीएम ने विभिन्न अधिकारियों को भेजा।

सिसवा ब्लाक के ग्राम सभा की मुंडेरी के लिए अधिशासी अभियन्ता जल निगम, मिठौरा के लिए केवलापुर कला एडीओ पंचायत, सदर के ग्राम पंचायत करमहा में एबीएसए, खुटहा में एडीओ समाज कल्याण, घुघली के पिपरा मुंडेरी में जेई पीडब्लयूडी, गंगराई में एबीएसए घुघुली, अमरूतिया में अधिशासी अभियंता ग्रामीण अभियंत्रण, कटहरा खास में नगर पालिका अधिशासी अधिकारी को सत्यापन के लिए भेजा गया। यह अधिकारी जन शिकायत के साथ अन्य विकास कार्यों को भी परख कर रिपोर्ट प्रस्तुत करेंगे। मुख्य विकास अधिकारी गौरव सिंह सोगरवाल, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. अशोक कुमार श्रीवास्तव, ज्वाइंट मजिस्ट्रेट साई तेजा सिलम, अपर एसडीएम मो. जसीम, सीओ अजय कुमार चौहान, पीडी राजकरन पाल, तहसीलदार राजेश श्रीवास्तव, सहायक आयुक्त सहकारिता सवींद्र सिंह, जिला विद्यालय निरीक्षक अशोक कुमार सिंह सहित जनपद स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे। नौतनवा संवाददाता के अनुसार तहसील सभागार में एसडीएम राम सजीवन मौर्य की अध्यक्षता में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। जिसमें आए 40 मामलों के तीन का ही निस्तारण हो सका। एसडीएम ने शिकायती पत्र पर संबंधित अधिकारियों को जांच कर निस्तारित करने का निर्देश दिया। भूमि मामले में दोनों पक्षों के कागजातों को मौके पर पहुंच पड़ताल करने का निर्देश दिया। सीओ कोमल प्रसाद मिश्र ने सर्किल के थानेदारों को लंबित प्रकरणों को निपटाने, विधानसभा चुनाव को लेकर हिस्ट्रीशीटर को पाबंद करने का निर्देश दिया। तहसीलदार मुकेश कुमावसर सिंह, ईओ सोनौली रामनाथ यादव, इंस्पेक्टर राजेश कुमार पांडेय, सोनौली चौकी प्रभारी स्वतंत्र कुमार सिंह आदि उपस्थित रहे।

# मांस की बिक्री कर रहे 10 दुकानदारों पर मुकदमा दर्ज

महराजगंज। खुले में व मानकों के विपरीत मांस की बिक्री करने वालों के विरुद्ध खाद्य सुरक्षा विभाग ने बड़ी कार्रवाई की। मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी सुरेंद्र वर्मा के नेतृत्व में विभागीय टीम ने जिले के विभिन्न हिस्सों में मांस बिक्री की दुकानों का निरीक्षण किया और अवैध रूप से संचालित मांस की बिक्री कर रहे 10 दुकानदारों का चालान करते हुए, उनके विरुद्ध एडीएम के न्यायालय में मुकदमा दर्ज कराया गया। मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी सुरेंद्र वर्मा ने बताया कि 10 मांस विक्रेताओं के विरुद्ध बिना लाइसेंस व अस्वस्थ दशा में मांस की बिक्री के अभियोग में खाद्य सुरक्षा व मानक अधि. 2006 की धारा 26 (2) (5) व 56 (58), खाद्य सुरक्षा मानक नियमावली, अनुज्ञप्ति व पंजीयन–2011 के नियम 212 (1) व 5 और परिशिष्ट–4 भाग 5 (ख) के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है। उन्होंने कहा कि मांस विक्रेता सभी आवश्यक नियमों का पालन करें, अन्यथा उनके विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जाएगी। पशु पक्षियों से करें प्रेमः खाद्य सुरक्षा विभाग की ओर से की गई कार्रवाई के संदर्भ में पशु अधिकार कार्यकर्ता व अहिसा फेलोशिप की सदस्य सुरभि त्रिपाठी ने कहा कि हमें नव वर्ष की शुरुआत पशु–पक्षियों को पीड़ा देने या उन्हें मारकर खाने की बजाय दया, प्रेम व करुणा जैसे मूल्यों के साथ करनी चाहिए। मीट शाप पर लोगों की भीड़ न सिर्फ कोरोना की तीसरी लहर की दृष्टि से खतरनाक है, बल्कि पशु–पक्षियों व पर्यावरण के प्रति हमारी उदासीनता को भी दिखाता है। सभी लोग पशु–पक्षियों व पर्यावरण के प्रति ज्यादा संवेदनशीलता का परिचय दें। इससे काफी अच्छा संदेश जाएगा।

# नव वर्ष के जश्न में खूब थिरके लोग, मंदिरों में भी रही भीड़

महराजगंज। नववर्ष को लेकर लोग काफी उत्साहित रहे। गांव से शहर तक जश्न का माहौल रहा। लोग नव वर्ष 2022 को यादगार बनाने के लिए मंदिरों में दर्शन किए, वहीं घर में बड़े बुजुर्गों से आशीर्वाद प्राप्त किया। साथ ही स्वर लहरियों व गीत संगीत की धुन पर भी लोग खूब थिरके और पिकनिक के दौरान लजीज व्यंजन का आनंद लेकर खुशियों को साझा किए। सुबह आठ बजे चौक चौराहों पर वाहनों की कतार लग गई। उत्साहित युवा उसे गुब्बारे और रंग बिरंगी पतंगी से दुल्हन की तरह सजा कर कुशीनगर, विनोद वन, सोनौली, गोरखनाथ मंदिर गोरखपुर, गोरखनाथ मंदिर चौक, सोनाड़ी देवी, चौक मंदिर, दुर्गामंदिर, बोकड़ा माई, टिकुलहिया, लेहड़ा, पकड़ी जंगल और दर्जनिया ताल पहुंचे। देवी–देवताओं के दर्शन किए और धूप, अगरबत्ती, कपूर जला कर कृपा मांगी। वहीं लजीज व्यंजनों को बनाकर उसका लुत्फ उठाएं और डीजे की धुन पर खूब थिरके। नगर के आंबेडकर पार्क में भी युवक, युवतियां और बच्चों ने नए वर्ष का जमकर आनंद उठाया। आनंदनगर कार्यालय के अनुसार प्रसिद्ध शक्ति पीठ मां लेहड़ा देवी के दरबार में सिद्धार्थनगर, संतकबीरनगर, गोरखपुर, कुशीनगर, बस्ती के साथ पड़ोसी राज्य बिहार से भी बड़ी संख्या में लोग पहुंचे और मां की कृपा मांगी।

निचलौल व नौतनवा संवाददाता के अनुसार तहसील क्षेत्रों में भी लोगों ने नए वर्ष पर जमकर मौज मस्ती की। फूलों की भी खूब हुई बिक्रीः नगर के दुर्गा मंदिर पर सजी फूलों की दुकानों की भी खूब चांदी रही। बधाई देने और पूजन के लिए युवक व युवतियों ने फूलों की जमकर खरीदारी की। जिसके चलते फूल विक्रेताओं ने 40 रुपये वाली गुलाब की कली 70 से 80 रुपये तक में बेचा। दोपहर बाद दुकानों से गुलाब की गली गायब हो गई तो लोगों ने अन्य फूल 40 से 60 रुपये में खरीदे। जारी रहा बधाई संदेश देने का सिलसिलाः नए साल की बधाई देने का सिलसिला इंटरनेट मीडिया पर जारी रहा। कोई वाट्सएप, फेसबुक पर लिखकर नए वर्ष की बंधाई दे रहा है, तो कोई वीडियो और फोटो भेजकर लोगों को शुभकामना संदेश देते रहे।

# अब प्रत्येक निकाय में नियुक्त होंगे ब्रांड एंबेसडर

महराजगंज। जिले के नगर निकायों में स्वच्छ सर्वेक्षण–2022 को लेकर तैयारियां शुरू कर दी गई हैं। इसके तहत इस बार प्रत्येक नगर निकायों में विशेष क्षेत्रों में कार्यरत लोगों को ब्रांड एंबेसडर नियुक्त किया जाएगा। नियुक्त ब्रांड एंबेसडर को नगर पंचायत व पालिका द्वारा सामर्थ्र्य अनुसार पैकेज भी दिए जाने की अनुमति है। योजना के मुताबिक जिले के तीन नगर पालिका और आठ नगर पंचायतों में चेहरों की तलाश की जा रही है। इस संबंध में अपर जिलाधिकारी डा. पंकज कुमार वर्मा ने बताया कि नगर निकायों में ब्रांड एम्बेसडर चयन के पीछे सबसे बड़ा कारण जहां लोगों की जागरूकता होगी वहीं स्वच्छता की गुणवत्ता रैंकिग में आडिट टीम द्वारा 40 नंबर का अतिरिक्त लाभ भी दिया जाएगा।

सभी अधिशासी अधिकारियों को ब्रांड एंबेसडर चयन किए जाने का निर्देश दिया गया है। स्वच्छ सर्वेक्षण में यह होगी ब्रांड एंबेसडर की भूमिकाः स्वच्छ सर्वेक्षण–2022 के तहत वोकल फार लोकल ब्रांड एंबेसडर की भूमिकाएं भी निर्धारित की गई हैं। इनमें मासिक आधार पर स्वच्छ भारत मिशन की टीम के साथ बैठक में सहभागिता और गतिविधियों के आयोजन के लिए सुझाव एवं परामर्श देना, वार्ड स्तर पर स्वच्छता विषय पर आयोजित गतिविधियों का आयोजन करना, श्रमदान कार्यक्रमों, गार्बेज रन, स्वच्छता शपथ जैसे कार्यक्रमों में भागीदारी, दूसरे व्यक्तियों को स्वच्छता के प्रति जागरूक करना, कचरा अलगाव के प्रति जागरूकता फैलाना, होम कंपोस्टिंग, स्वच्छता एप आदि के उपयोग एवं सिद्धांतों के बारे में जनसमुदाय को जागरूक करना तथा निकाय स्तर पर आयोजित होने वाले कार्यक्रमों में स्वच्छता संबंधी विचारों से जनमानस को जागरूक करना शामिल हैं।

# तीन वर्षों से नहीं खुला दिव्यांग पुनर्वास केंद्र

देवरिया। महर्षि देवरहा बाबा राजकीय मेडिकल कालेज से संबद्ध जिला अस्पताल में दिव्यांग पुनर्वास केंद्र तीन वर्षो से बंद है। समय से वेतन न मिलने के कारण कर्मचारियों ने आना बंद कर दिया है। इस केंद्र से हर रोज फिजियोथेरेपी के मरीज वापस लौट रहे हैं। इस महत्वपूर्ण केंद्र की तरफ स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों का ध्यान भी नहीं जा रहा है। दिव्यांग जन सशक्तीकरण विभाग की लापरवाही से नहीं चल रहा केंद्रःतकरीबन चार वर्ष तक रेडक्रास के माध्यम से यह केंद्र संचालित हुआ। कर्मचारियों को समय से वेतन मिला और सभी कर्मचारी यहां लगन मेहनत से कार्य करते थे। तीन वर्ष पूर्व इसे दिव्यांग जन सशक्तीकरण विभाग को दे दिया गया। इस विभाग को सौंपने के बाद कर्मचारियों को वेतन मिलना बंद हो गया। छह माह तक कर्मचारियों ने कार्य किया लेकिन वेतन नहीं मिलने से कर्मचारियों ने आना बंद कर दिया। चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी इसे रोज खोलता हैं, लेकिन कोई कार्य नहीं होता। मशीनें जंग खा कर खराब हो रही हैं।

जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी मीनू सिंह ने बताया कि बजट के अभाव में कर्मचारियों को वेतन नहीं मिल पा रहा है। बजट का प्रस्ताव भेजा जाता ह लेकिन मिलता नहीं है। कई बार पत्र भी लिखा गया लेकिन बजट नहीं मिला। हड्डी व नस रोग के मरीजों को है सर्वाधिक परेशानीः जिला अस्पताल में हड्डी व नस के मरीजों की संख्या अधिक है। मांसपेशियों में खिचाव, नसों में खिचाव आदि की समस्या का यहां निदान होता था। फिजियोथेरेपिस्ट व्यायाम व सेकाई कर बेहतर इलाज देते थे लेकिन इस समय गतिविधि बंद है। मरीजों को बाहर फिजियोथेरेपी कराना पड़ रहा है।

# जरूरतमंदों में कंबल वितरित कर मनाया नव वर्ष

## घोरावल क्षेत्र के खिरीहिटा में शुक्ला परिवार ने समारोह आयोजित कर नर सेवा नारायण सेवा को किया चरितार्थ

दैनिक बुद्ध का संदेश

सोनभद्र। जनपद के घोरावल ब्लॉक क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत खिरीहिटा में शनिवार को कपकपाती ठंड के मौसम की मार सह रहे ग्रामीण नर– नारियों को राहत पहुंचाने के उद्देश्य से श्रीकांत शुक्ला ने अपने पुत्र अनुज कुमार शुक्ला के साथ मिलकर अपने गावँ एवं आसपास के जरूरतमंद ग्रामवासियों को नववर्ष के गर्म वस्त्र के वितरण का अनुकरणीय आयोजन किया। नर सेवा नारायण सेवा के इस सुंदर समारोह की अध्यक्षता सोन साहित्य संगम के निदेशक एवं वरिष्ठ पत्रकार मिथिलेश प्रसाद द्विवेदी ने किया। बतौर मुख्य अतिथि पूर्व जिला पंचायत अध यक्ष अमरेश सिंह पटेल एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में भाजपा के कद्दावर नेता माला चौबे, सदस्य बार कौंसिल ऑफ उत्तर प्रदेश (अनुशासन समिति) के राकेश शरण मिश्र, पूर्वान्चल नव निर्माण मंच के उपाध्यक्ष गिरीश पांडेय, घोरावल ब्लाक प्रमुख दिलीप सिंह पटेल और जिला पंचायत अध्यक्ष के प्रतिनिधि इंजीनियर केडी सिंह तथा घोरावल तहसील बार के पूर्व अध्यक्ष रामानुज धर द्विवेदी, उपस्थित रहे। सर्वप्रथम मां सरस्वती के चित्र पर मंचासीन अतिथियों ने माल्यार्पण व दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का आगाज किया। इस भीषण ठंड



में जरूरतमन्दों को ठंड से थोड़ा राहत पहुंचाने के लिए आयोजित कम्बल वितरण कार्यक्रम को अनुकरणीय बताते हुए इसे और भी बड़े स्तर पर करने की बात एक स्वर से कही। वही कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अमरेश पटेल ने कहा कि इस आयोजन में आना बहुत ही सौभाग्य की बात है और मैं बहुत ही गौरवान्वित हूँ कि मुझे आने का अवसर प्राप्त हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे वरिष्ठ पत्रकार मिथिलेश प्रसाद द्विवेदी ने कहा कि नव वर्ष के प्रथम दिन इस कपकपाती भीषण ठंड में असहायों को कम्बल वितरण करना बहुत ही पुण्य का कार्य है और इस नेक कार्य के लिए मैं शुक्ला परिवार की भूरी भूरी प्रशंसा करता हूँ और यह उम्मीद करता हूँ कि जो लोग इस आयोजन में उपस्थित है वो भी इससे प्रेरणा लेकर ऐसे जनसेवा के कार्यो को करने का संकल्प लेकर यहाँ से जाएंगे। उन्होंने कहा कि मैं आज के आयोजक व संयोजक श्रीकांत शुक्ल एवं उनके पुत्र अनुज कुमार शुक्ला के लिए ईश्वर से प्रार्थना करता हूँ कि ईश्वर इन्हें और भी अधिक सामर्थ्यवान बनाएं जिससे ये प्रतिवर्ष इसी प्रकार सैकड़ो जरूरत मन्दो को गर्म वस्त्र वितरित करते रहे।इस दौरान आयोजक मण्डल द्वारा आये हुए अतिथियों को माल्यार्पण,अंगवस्त्रम एवम नए वर्ष की लेखनी और डायरी देकर स्वागत सम्मान किया गया। संपूर्ण कार्यक्रम का सफल संचालन शिक्षाविद उमेश शुक्ला ने किया।इसके बाद मंचासीन अतिथियों के हाथों आये हुए सैकड़ो वृद्ध महिलाओं एवं पुरुषों को कम्बल वितरण का कार्यं सम्पन्न कराया गया। गर्म वस्त्र अतिथियों के हाथों से पाकर जरुरतमन्दों के चेहरे खिल उठे।

# ब्लैस डेंटल क्लिनिक का भव्य उद्घाटन

दैनिक बुद्ध का संदेश

बलरामपुर। नववर्ष के आगमन के साथ ही बलरामपुर जनपद





मुख्यालय घास मंडी पर ब्लैस डेंटल क्लीनिक का भव्य उद्घाटन स्थानीय विधायक व राज्यमंत्री पलटू राम द्वारा किया गया उक्त अवसर पर नगर के चेयरमैन प्रतिनिधि शाबान अली के साथ ही बड़ी संख्या में नगर के चिकित्सक समाजसेवी पत्रकार उपस्थित रहे बताते चलें डॉक्टर सलीम सिद्दीकी जो कि इस क्लीनिक के प्रमुख चिकित्सक हैं के पिता स्वर्गीय एफएम सिद्दीकी का भी चिकित्सा क्षेत्र में बड़ा योगदान रहा है बातचीत के दौरान डॉ सिद्दीकी ने बताया कि मैं भी बलरामपुर की जनता की सेवा करना चाहता हूं इसके लिए मैं अपने सहयोगियों से अपेक्षा करता हूं कि वह मुझसे जो भी सहयोग हो सकता है मैं हमेशा देने के लिए तत्पर रहूंगा उन्होंने बताया कि क्षेत्र में हमारी क्लीनिक पूरी तरीके से आध ुनिक सुविधाओं से परिपूर्ण है ऐसे में हमारे मरीजों को किसी भी प्रकार की असुविधा का सामना नहीं करना पड़ेगा मैं एक बार पुनः सहयोग की अपेक्षा करता हूं

# साइबर क्राइम सेल की टीम ने शुरू की जांच

देवरिया । भलुअनी में भारतीय स्टेट बैंक शाखा भलुअनी के ग्राहक सेवा केंद्र से 75 लाख रुपये की हुई हेराफेरी के मामले की जांच साइबर क्राइम सेल की टीम ने शुरू कर दी है। टीम के सदस्य भलुअनी पहुंचे और ग्राहक सेवा केंद्र के संचालक से तीन घंटे तक पूछताछ की। साथ ही कंप्यूटर, लेनदेन का रजिस्टर व अन्य कागजात को कब्जे में ले लिया। ग्राहक सेवा केंद्र से बड़े पैमाने पर गड़बड़ी की गई है। एक दिन पूर्व लोगों ने जमकर हंगामा किया। 22 लोगों ने लिखित शिकायत दी, जिसके बाद से ही पुलिस की जांच तेज हो गई है। थानाध्यक्ष मुकेश मिश्र ने कहा कि जांच चल रही है। साइबर क्राइम सेल की टीम की रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# शांति व्यवस्था के लिए हर जगह तैनात रही पुलिस

महराजगंज। नववर्ष के जश्न को लेकर शहर और देहात में पुलिस अधिकारी और जवान सड़कों पर तैनात रहे। नए साल में हुड़दंगियों पर पुलिस की पैनी नजर रही। शहर और बाईपास पर जगह–जगह वाहनों की चेकिग हुई। होटल–ढाबों पर पुलिस की निगाह रही। पुलिस की सतर्कता के चलते देर शाम तक शहर में व्यवस्थित तरीके से ही लोगों ने नए साल का जश्न मनाया। शाम से लेकर पूरे दिन नगर व देहात क्षेत्र में नववर्ष के जश्न के लिए लोग घरों से बाहर निकले। निचलौल, चौक, परसामलिक, बरगदवा, नौतनवा व फरेंदा थाना क्षेत्र में जंगलों एवं पार्क आदि स्थानों पर नए साल के स्वागत लोग बच्चों के लिए खानपान की सामग्री लेकर पहुंचे। इस दौरान पुलिस ने भी आने–जाने वालों पर नजर बनाकर रखी। जिससे वाहन चालक व्यवस्थित रहे। शहर के मुख्य तिराहा, चौक मार्ग, निचलौल, पुरैना, घुघली, शिकारपुर सहित अन्य स्थानों पर पुलिस ने वाहन चालकों की चेकिग की। इस दौरान कुछ वाहन चालकों को वाहन चलाने से रोककर दूसरे लोगों के साथ घर भेजा गया। इसके अलावा हाईवे व शहर के रेस्टोरेंट तथा ढाबों पर भी चेकिग की गई। पुलिस की चेकिग के चलते लोगों में खौफ रहा, जिसके कारण शहर में नववर्ष की पूर्वसंध्या या नववर्ष पर लोगों ने हुड़दंग नहीं किया।

# अधिवक्ताओं ने निकाली रैली

महराजगंज। नव वर्ष पर सिविल कोर्ट बार एसोसिएशन के तत्वावधान में अधिवक्ताओं ने रैली निकालकर जश्न मनाया। इस दौरान अधिवक्ताओं ने लोगों को नव वर्ष की शुभकामनाओं के साथ कानून के प्रति जागरूक भी किया। सिविल कोर्ट महराजगंज से शुरु हुई रैली डीएम–एसपी कार्यालय होते हुए फरेंदा मार्ग, सक्सेना चौक होते हुए पूरे नगर में भ्रमण किया। सिविल कोर्ट बार एसोसिएशन के अध्यक्ष अवनीश नारायण त्रिपाठी ने बताया कि अधिवक्ताओं के नेतृत्व में आज रैली निकाली गई है। रैली में मंत्री संजीव श्रीवास्तव, पूर्व अध्यक्ष जितेंद्र सिंह, दिनेश गुप्ता, प्रदुम्न पटेल, धर्मेंद्र त्रिपाठी, वशिष्ट मिश्रा, संतोष पटेल, अभय राय, रंजीत गुप्ता, जाकिर हुसैन, विरेंद्र साहनी, करूणाकर मणि त्रिपाठी, धनंजय पटेल, सोमनाथ चौरसिया, वीरेंद्र, दिलीप वर्मा, विनय कुमार पांडेय, रामकिशोर पटेल आदि शामिल रहे।

# चित्रांश भवन पर आचार्य अशोक का जन्मोत्सव मनाया गया

हरदोई। मित्र परिवार की ओर से चित्रांश भवन पर भगवान भोलेनाथ के अनन्य भक्त ,वेदों के आधार पर अपनी बात को बेबाकी से रखने वाले सनातन धर्म के प्रखर वक्ता शिव सत्संग मंडल के परमाध्यक्ष आचार्य अशोक का जन्मोत्सव बड़ी धूम धाम से मनाया गया। प्राथमिक शिक्षक संघ के अध्यक्ष प्रभाकर बाजपेई ने कहा कि भगवान भोलेनाथ सदा आचार्य जी को स्वस्थ एवं आनंदित रखे। आप सदा इसी प्रकार स्वामी विवेकानंद जी के विचारों से सनातन धर्म को शक्तिदाई ऊर्जा से जगाने का कार्य करते रहें।जन्मोत्सव कार्यक्रम में मुख्य रूप से जूनियर शिक्षक संघ के जिला महामंत्री संतोष अग्निहोत्री वरिष्ठ पत्रकार एवं समाजसेवी अम्बरीष कुमार सक्सेना, क्रांतिकारी ऊर्जावान व्यक्तित्व के धनी वरिष्ठ भाजपा नेता नीरज श्रीवास्तव ,वरिष्ठ भाजपा नेता करुणा शंकर मिश्र , शिक्षक नेता इमरान खां , योग प्रशिक्षक योगेंद्र यादव,मोटिवेशनल शिक्षक अंकित सक्सेना , योग प्रशिक्षक सत्यम सक्सेना,सुखदेव अग्निहोत्री,चित्रांश,मोहित श्रीवास्तव मासूम आदि मित्र परिवार के सदस्य मौजूद रहे।

# श्री राम राज्याभिषेक की सजी भव्य झाकी

दैनिक बुद्ध का संदेश

रॉबर्ट्सगंज (सोनभद्र)। नगर के आरटीएस में चल रहे श्री रामचरितमानस नवाह पाठ महायज्ञ के नवम दिवस के अवसर पर भगवान श्री राम के राज्याभिषेक के अवसर पर मानस पंडाल को फूलों से सज्जित किया गया और भगवान श्री राम की दिव्य आरती भक्तों द्वारा की गई। मुख्य व्यास श्री सूर्य लाल मिश्र के मुखारविंद से गोस्वामी तुलसीदास कृत रामचरितमानस उत्तरकांड की चौपाई



राज बैठे राज्य बैठे त्रैलोका। हर्षित भये गए सब सोका।।

बयरू न कर काहू सन कोई।

राम प्रताप विषमता खोई ।। अर्थात– भगवान श्री राम के राज्य पर प्रतिष्ठित हो जाने पर तीनो लोक के लोग हर्षित हो गए, उनके सारे दुख जाते रहे, कोई किसी से बैर नहीं करता, श्री रामचंद्र जी के प्रताप से सबकी विषमता (आंतरिक भेदभाव) मिट गये। इस चौपाई के साथ ही राम दरबार में भक्तों द्वारा पुष्प वर्षा की जाने लगी, पटाखे छुड़ाए जाने लगे और मुद्राएं लुटाई जाने लगी। मुख्य व्यास जी द्वारा भरत पीड़ा तथा भरत – हनुमान मिलन, अयोध्या में आनंद, श्री राम जी का स्वागत, भरत मिलन, राम राज्याभिषेक, वेद स्तुति, शिव स्तुति, वानरों और निषादो की विदाई, रामराज्य का वर्णन आदि कथाओं का वाचन कर श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। राज्याभिषेक में यजमान अजय शुक्ला, माधुरी शुक्ला, सैल पाठक, शिवानी पाठक ने सहभागिता निभाई। महामंत्री शुशील पाठक ने बताया कि मिडिया प्रभारी हर्षवर्धन केसरवानी ने फेसबुक पेज पर राम दरबार की झाकी का प्रसारण देश विदेश तक कर महत्व पूर्ण कार्य किया गया इसे फेसबुक पेज पर देखा जा सकता है इसके पूर्व शनिवार को रात्रि प्रवचन में प्रसिद्ध कथावाचक हेमंत त्रिपाठी और मुरारी जी शास्त्री ने किष्किंधा कांड, लंका कांड में वर्णित घटनाओं का वर्णन करते हुए कहा कि– जब शेषनाग के अवतार लक्ष्मण दूर करने के लिए हनुमान जी द्वारा लंका जाकर सुषेण वैद्य को ले आना और संजीवनी बूटी द्वारा लक्ष्मण की मूर्छा दूर करना। अंत में रावण वध का सुन्दर वर्णन किया। इस अवसर पर महामंत्री सुशील पाठक, यजमान अजय शुक्ला, समिति के पूर्व अध्यक्ष रतनलाल गर्ग, अवनाश कुशवाहा, धर्मवीर तिवारी, संगम गुप्ता, राम जी वरिष्ठ साहित्यकार पत्रकार दीपक कुमार केसरवानी, ओमप्रकाश त्रिपाठी, हरीकिशोर केडिया, निर्मल केडिया, विमलेश पटेल, मिठाई लाल सोनी, इंद्र देव सिंह मीडिया प्रभारी हर्षवर्धन केसरवानी, मन्नु पाण्डेय, चन्दन चौबे, शुभम शुक्ला, मोहित केडिया, तनु पाण्डेय, मंच आचार्यों में संतोष कुमार द्विवेदी शिव कुमार शास्त्री, पंडित यशवन्त देव पाण्डेय, अनिल पांडे, सहित पांडाल में उपस्थित श्रोताओं ने कथा का आनंद लिया।

# एक हफ्ते से लापता युवक का शव सोन नदी मे उतराया मिला

## चोपन पुलिस शव को कब्जे में लेकर जांच में जुटी

दैनिक बुद्ध का संदेश

गुरमा,सोनभद्र।चोपन थाना क्षेत्र के करगरा स्थित सोननदी मे रविवार की सांय एक युवक का उतराया शव देखने से ग्रमिणो मे हडकंप मच गया ग्रामिणो ने इसकी सूचना चोपन पुलिस को दी। पुलिस ने मौके पर पहुंच कर सोननदी मे उतराए हुए शव को बाहर निकालकर शिनाख्त की तो पता चला की मृतक गांव का रहने वाला कन्हैया यादव(41)पुत्र बिसाले यादव निवासी करगरा,थाना चोपन के रूप मे हुयी।घटना की सूचना मृतक के परिजनों को लगते हैं परिजनों में कोहराम मच गया मृतक के परिजनों ने बताया ओबरा सी कम्पनी मे काम करते थे हफ्ते पुर्व शनिवार से ओबरा मे काम से छुट्टी के बाद वह अचानक गुम हो गये काफी खोजबीन करने पर उनका पता नही चल सका था।चोपन थाने के उपनिरीक्षक चन्द्रशेखर सिंह ने बताया सोननदी एक पतली रास्ते ग्रामीणों का आना जाना लगा रहता है संभवत सोन नदी पार करते समय अनियंत्रित होकर गहरे पानी में गिर जाने से मौत हो गई होगी बावजूद मौत के असल कारण जानने के लिए शव को पोस्टमार्टम कराया जा रहा है।

# उधोग रोजगार के नाम पर धोखा बिना कमीशन कोई ऋण नहीं

घनश्याम मिश्र/

दैनिक बुद्ध का संदेश

बलरामपुर। प्रदेश सरकार विधानसभा चुनाव के मद्देनजर एक के बाद एक हवाई घोषणाएं करती जा रही उद्योग रोजगार के नाम पर करोड़ों रुपए देने की बात रोज सरकार कर रही है पर ये उद्योग रोजगार किसे मिल रहे हैं यह किसी को पता नहीं छोटे–छोटे उद्योग रोजगार के लिए सालों से लोग एक बैंक से दूसरे बैंक से तीसरे और यह करते–करते वर्ष बीत जाते हैं पर उद्योग विभाग की पत्रावली जस की तस पुनः उद्योग विभाग को समर्पित कर दी जाती है ऐसी घटनाएं किसी एक व्यक्ति विशेष कि नहीं बल्कि इस सरकार की नीति और व्यवस्था का है जहां बिना कमीशन कोई भी बैंक छोटे से छोटा ऋण बेरोजगारों को भी देने को तैयार नहीं है यहां तक की मुद्रा लोन जिसका प्रचार वर्षों से जनता के बीच इस सरकार के द्वारा किया जा रहा है पर वास्तविकता यह है कि कोई भी ऋण रोजगार के वास्तविक व्यक्ति को नहीं मिल पाता है यह उन्हीं लोगों को मिलते हैं जिसका बैंकों में पहले से लेन देन होता है और इन्हीं लोगों को यह ऋण देकर योजनाओं की भरपाई कर सरकार की योजनाओं का कोरम पूरा कर देते हैं इसी तरह से अधि ाकांश ऋण उन्हीं लोगों को मिलता है जिनके कारोबार चल रहे होते हैं और उन्हीं के परिवारों को दूसरे कारोबार के नाम पर बड़ी सफाई के साथ ऋण देखकर कोटा पूरा कर देते हैं जो कुछ बचता है उसे बैंक के बिचौलिए कुछ लोगों से लाकर पूरा कर देता है यह कार्य हमेशा से चलता रहता है और आगे भी चलेगा यह बातें बलरामपुर विकास मंच के संयोजक अध्यक्ष घनश्याम मिश्र ने एक लिखित विज्ञप्ति में दी उन्होंने कुछ रोजगार के लिए दौड़ लगा रहे कुछ लोगों की नाम न उजागर करने की शर्त पर बताया कि एक महिला की पत्रावली तो विगत 1 वर्ष से सिंडिकेट बैंक से लेकर केनरा बैंक उसके बाद बैंक ऑफ इंडिया में अभी तक विचाराधीन था जिसे प्रबंधक ने जांच आदि कराने के लिए तो तैयार हो गए पर बैंक के फील्ड अफसर ने प्रबंधक से कहा कि मैंने इसे मना कर दिया है फिर आपने क्यों देखने को कह दिए और पूछने पर कहा कि इस बैंक में यह नहीं हो पाएगा जबकि उक्त उद्योग के लिए आवेदिका ने 8 माह से दुकान लेकर उद्योग के लिए पुनर्निर्माण भी करा लिया मजबूरन आवेदिका ने नगर के किसी साहूकार से ब्याज पर लेकर संबंधित उद्योग लगा रही है ऐसे में आप स्वतः अंदाजा लगा सकते हैं की सरकार और प्रशासन के बातों मे कितनी सच्चाई है यह बातें पूरी तरह से खोखली और चुनावी है जनता भ्रम से बचे

# पुलिस अधीक्षक ने थाना ओबरा पर असहाय लोगों में किया कम्बल वितरण’

दैनिक बुद्ध का संदेश

ओबरा/सोनभद्र।–रविवार को पुलिस अधीक्षक अमरेन्द्र प्रसाद सिंह द्वारा थाना ओबरा पर कम्युनिटी पुलिसिंग कार्यक्रम के तहत



ठंड से बचाव हेतु गरीबध्असहाय लोगों को 1000 कम्बल का वितरण किया गया । तत्पश्चात पुलिस अधीक्षक द्वारा स्थानीय लोगों से वार्ता करते हुए उनकी मूलभूत समस्याओं के बारे में जानकारी कर उनका हरसम्भव निराकरण कराये जाने का भरोसा दिलाया गया एवं लोगों से अपील की गयी कि भयमुक्त होकर किसी के बहकावे में न आते हुए मुख्य धारा में रहकर पुलिस एवं प्रशासन का सहयोग करें तथा स्थानीय पुलिस को भी जनता से मृदुल व्यवहार रखते हुए उनकी शिकायतोंध्समस्याओं का त्वरित एवं विधिक रूप से निस्तारण किये जाने हेतु आवश्यक दिशा–निर्देश दिये । इसके अतिरिक्त स्थानीय लोगों को बच्चों की शिक्षा पर विशेष ध्यान देते हुए उन्हें अच्छी शिक्षा उपलब्ध कराये जाने हेतु प्रेरित किया गया, जिससे कि उनको भविष्य में रोजगार के अवसर मिल सके । इस मौके पर क्षेत्राधिकारी ओबरा शंकर प्रसाद, प्रभारी निरीक्षक ओबरा अभय कुमार सिंह,एसएसआई राजेश प्रताप सिंह,चौकी इंचार्ज राकेश राय, एसआई चन्द्रभान सिंह सहित अन्य अधिकारीध कर्मचारीगण एवं स्थानीय सम्भ्रांत व्यक्ति मौजूद रहे।

# जग प्रसाद वर्मा शिक्षण संस्थान के बच्चों को नव वर्ष पर उनके उज्जवल भविष्य की कामना

घनश्याम मिश्र/

दैनिक बुद्ध का संदेश

बलरामपुर। नव वर्ष के शुभ आगमन पर जनपद में तरह तरह के कार्यक्रमों का आयोजन कुछ बड़े ही हर्षोल्लास के साथ होता रहा जहां कुछ लोग क्षेत्रों में भ्रमण दर्शन किए गए तो वहीं कुछ लोग देर शाम तक डीजे पर मस्त रहें इस कार्यक्रम में जनपद के सुदूर अंचलों में कुछ विद्यालयों में बड़े ही उत्साह के साथ नववर्ष का स्वागत हुआ बीते वर्ष को अलविदा करते हुए विभिन्न तरह के कार्यक्रमों में मशगूल दिखे भारत नेपाल सीमा के निकट स्थित



बरदौलिया बाजार के निकट चल रहे जग प्रसाद वर्मा शिक्षण संस्थान के बच्चों ने रंगोली व डांस प्रतियोगिता के साथ सह भोज के साथ नववर्ष के अवसर पर केक बांटकर खुशी का इजहार किया इस अवसर पर मुख्य अतिथि आदर्श प्रेस क्लब के अध यक्ष घनश्याम मिश्र व प्रबंधक प्रध ाानाचार्य ओमप्रकाश वर्मा ने केक काटकर बच्चों को नव वर्ष की हार्दिक बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य के लिए मंगल कामना की उक्त अवसर पर मुख्य रूप से अजय सिंह हुकुम सिंह पेशकार वर्मा वंदना मिश्रा महेंद्र प्रताप वर्मा पत्रकार बृजेश चौहान रामसूरत मौर्या रोहित कुमार शुक्ला कमलेश कुमार मिश्र नूतन तिवारी दिनेश कुमार रेन वर्मा के साथ ही विजयलक्ष्मी अध्यक्ष व प्रभादेवी के साथ अभिभावकों में अयोध्या प्रसाद वर्मा ऋषि मुनि वर्मा लालमणि पाटेश्वरी घनश्याम कल्प राज यादव अशोक कुमार वर्मा ओमकार वर्मा राजेश वर्मा कृष्ण कुमार वर्मा राजेश साहू सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे

# अखिल भारतीय कवि सम्मेलन व मुशायरे का किया गया आयोजन

रेउसा (सीतापुर)। नव वर्ष की पूर्व संध्या पर नववर्ष एकता समिति रेउसा के पदाधिकारियों द्वारा रेउसा बिसवां मार्ग पर भऋा मैदान में अखिल भारतीय कवि सम्मेलन व मुशायरे का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ पूर्व विधायक एवं नववर्ष एकता समिति के संरक्षक महेंद्र कुमार सिंह झीन बाबू द्वारा मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। झीन बाबू ने उपस्थित जनसमुदाय को नववर्ष की बधाई देते हुए उनके मंगलमयी जीवन की कामना करते मंहगाई, बेरोजगारी भ्रष्टाचार के विरुद्ध लड़ाई में सहयोग करने की जनता से अपील की। कवि सम्मेलन की शुरुआत कवयित्री हिना आरजू द्वारा मां सरस्वती की वंदना मातु शारदे वर दे मैं तो शीष नवाने आयी हूँ।

आशीषों से झोली भर दे शब्द पुष्प मैं लाई हूँ एसे हुई। इसके बाद उन्होंने खूबसूरत ये शाम कर दूंगी दिल को तेरे ही नाम कर दूंगी, तू जो सोने का है व्यापारी तो तेरा सोना हराम कर दूंगी। सहित अनेक सौंदर्य गीत पढ़कर श्रोताओं की तालियां बटोरीं। रात्रि ग्यारह बजे तक चले इस अखिल भारतीय कवि सम्मेलन व मुशायरे में पधारे कवि प्रमोद पंकज ने हास्य व्यंग्य के चुटीले शब्द वाणों से मंहगाई पर निशाना साधते हुए अक्कड़ बक्कड़ बम्बी बोल, नब्बे डीजल सौ पेट्रोल सौ में लागा धागा उछल सिलेंडर भागा सहित अनेक पैरोडी सुनाकर श्रोताओं को लोटपोट कर दिया। लखीमपुर खीरी से पधारे कवि फारूक सरल ने बून्द बूंद से गहरा सागर बनता है ऊंचा पर्वत कण कण में बनता है। तिनके का कुछ अलग नहीं अस्तित्व मगर, तिनका तिनका जोड़ के छप्पर बनता है। फिर श्रोताओं की फरमाइश पर बताओ रमजानी अब का करिहौ चली गई प्रधानी अब का करिहौ। सहित कई हास्य व्यंग्य एवं मार्मिक गीतों से श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। कवि सम्मेलन का संचालन नीरज पांडेय ने किया। कवि सम्मेलन व मुशायरे में जगजीवन मिश्रा, कनक तिवारी व विशेष शर्मा, तारिक बहराइची, माहताब तंबौरी द्वारा काव्य पाठ किया गया। कार्यक्रम के समापन में कवि कनक तिवारी द्वारा अतिथि सहित आयोजकों व युवाओं के साथ गाए गए गीत लोगों के लिए यादगार बन गये। कार्यक्रम में दिनेश प्रताप सिंह, तौकीर अहमद अल्लन, पवन सिंह, रिजवान अहमद, रामेश्वर सुमन, आशीष कुमार दीक्षित एव नववर्ष एकता समिति के पदाधिकारियों के साथ साथ सैकड़ों क्षेत्रीय श्रोतागण मौजूद रहे।

# राजनीति व समाजनीति के पुरोधा थे रामलाल राही : रमेश राही

## पूर्व केन्द्रीय गृह राज्य मंत्री रहे स्व0 राही की मनाई गयी 85वीं जयंती

सीतापुर। राजनीति व समाजनीति को अपनाकर कई दशक तक जनसेवा करने वाले गाँधीवादी चिन्तक विचारक रहे रामलाल राही ने जिले के विकास में जो योगदान दिया था। उसे यह कृतज्ञ जनपद कभी भुला नहीं पायेगा। श्री राही ने जिस प्रकार राजनीति व समाजनीति को एक अच्छा आयाम दिया। जो भावी व वर्तमान नेताओं को समझने की आवश्यकता है। यह बात स्व0 रामलाल राही की 85वीं जयंती के अवसर पर जेल रोड स्थित राही निवास पर पूर्व विधायक व उनके ज्येष्ठ पुत्र रमेश राही ने स्व0 राही के चित्र पर माल्यार्पण व पुष्पांजलि अर्पण के बाद उपस्थित जनों को संबोधित करते हुए कहीं।

मेरे पिता जन आशीर्वाद से दो बार विधायक, चार बार सांसद व केंद्र में गृह राज्य मंत्री जैसे महत्वपूर्ण पदों पर रहे और जनपद के विकास में अपनी भूमिका निभाई। पुष्पांजलि देते हुए वरिष्ठ पत्रकार कवि एवं रंगकर्मी ज्ञान प्रकाश सिंह प्रतीक ने स्व0 श्री राही को महामानव की संज्ञा से नवाजते हुए कहा कि वह वास्तव में गरीबों के सच्चे हमदर्द थे। उनमें कूट कूट कर गाँधी की विचारधारा भरी थी। वह काफी सादगी पसंद और साहसी नेता थे। अपने मंत्रित्वकाल में उन्होंने विश्व बैंक परियोजना से ग्रामीण क्षेत्रों में सिंचाई के लिए नलकूप लगवाए थे तथा इसी योजना से ग्रामीण क्षेत्रों में प्राथमिक विद्यालयों का निर्माण कराने में अहम योगदान दिया था। उल्लहा घाट सहित कई नदियों के पुलों का निर्माण कराया था। जिले में मानवता और भाईचारे का सन्देश घर घर में गूंजे इसलिए उन्होंने ओम सत श्री साईं शिव शक्ति मंदिर का निर्माण कराया था। पूर्व जिला पंचायत सदस्य मंजरी राही ने कहा कि वह मेरे रिश्ते में ससुर थे पर मुझे हमेशा प्यार बहू के रूप में नहीं, बेटी के रूप में प्रदान किया है। उन्होंने जो मुझे शिक्षा दी उस पर आजीवन चलने की कोशिश करुँगी। पुष्पांजलि कार्यक्रम में सपा के जिला उपाध्यक्ष विजय वर्मा, अबूबक्र खान, धर्मेन्द्र यादव, इब्ने अब्बास, आयुष राही, नीतिका, विवेक वर्मा, नरेंद्र कुमार सहित काफी लोग मौजूद रहे।

# जनता की शिकायतों एवं समस्याओं को पूर्ण गुणवत्ता के साथ निस्तारित करें : डीएम

## सात तहसीलों में आयोजित किया गया सम्पूर्ण समाधान दिवस

सीतापुर। जनता की शिकायतों एवं समस्याओं को पूर्ण गुणवत्ता के साथ निस्तारित करने के उद्देश्य से जनपद की सभी सात तहसीलों में सम्पूर्ण समाधान दिवस आयोजित किया गया। तहसील सदर में जिलाधिकारी विशाल भारद्वाज एवं पुलिस अधीक्षक आरपी. सिंह की अध्यक्षता में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक ने आये हुये शिकायतकर्ताओं को एक.एक करके सुना एवं उनकी शिकायतों एवं समस्याओं का समयान्तर्गत गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश के साथ संबंधित अधिकारियों को अन्तरित किया। सम्पूर्ण समाधान दिवस के दौरान जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक ने विभागाध्यक्षों और अधिकारियों को नव वर्ष की शुभकामनाएं दीं। जिलाधिकारी ने सभी अधिकारियों से अपेक्षा की कि शासन की मंशानुरूप नए वर्ष में सभी अधिकारी अधिक दक्षता एवं तत्परतापूर्वक योजनाओं के सफल क्रियान्वयन में अपना सहयोग देंगेए जिससे जनता अधिक से अधिक लाभान्वित हो सके। जिलाधिकारी ने निर्देश दिये कि लाभार्थीपरक योजनाओं से संबंधित प्रकरणों का तेजी से निस्तारण किया जायेए जिससे पात्रों को समय से लाभान्वित किया जा सके। जिलाधिकारी ने कहा आईजीआरएस पोर्टल पर प्राप्त होने वाली शिकायतों का त्वरित गति से निस्तारण हो। उन्होंने कहा कि शिकायतकर्ता द्वारा जो शिकायत की गई हैं उसका निस्तारण संबंधित अधिकारी मौके पर पहुंचकर गुणवत्ता पूर्ण करें। सभी अधिकारी अपने कार्य को पूरी तत्परता, गुणवत्ता के साथ निर्धारित समयावधि में पूर्ण करें। जिलाधिकारी ने सभी विभागाध्यक्षों को निर्देश दिये कि समस्त कर्मचारियों का कोविड.19 वैक्सीनेशन पूर्ण कराते हुये इस आशय का प्रमाण.पत्र प्रस्तुत किया जाये। सम्पूर्ण समाधान दिवस के दौरान पुलिस अधीक्षक आर0पी0 सिंह ने पुलिस विभाग से संबंधित शिकायतों को सुनकर उनके प्रभावी निस्तारण के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिये। तहसील सदर में सम्पूर्ण समाधान दिवस के अवसर पर कुल 72 शिकायतों में से 05 का निस्तारण मौके पर ही कर दिया गया। इसी प्रकार से जनपद की अन्य तहसीलों में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में तहसील सिधौली में प्राप्त 47 प्रार्थना पत्रों में से 03, तहसील महमूदाबाद में प्राप्त 58 प्रार्थना पत्रों में से 06, तहसील लहरपुर में प्राप्त 34 प्रार्थना पत्रों में से 03 तहसील मिश्रिख में प्राप्त 32 प्रार्थना पत्रों में से 05, तहसील महोली में प्राप्त 16 प्रार्थना पत्रों में से 01, तहसील बिसवां में प्राप्त 50 प्रार्थना.पत्रों में से 01 शिकायतों का निस्तारण मौके पर ही कर दिया गया। शेष बची हुयी शिकायतों को पृष्ठांकित कर एक सप्ताह के अन्दर संबंधित अधिकारी को निस्तारित करने के निर्देश दिये गये।

# ट्रस्ट समाज में उत्कृष्ट कार्य करने वाले बुजुर्गों को करेगा सम्मानित

सीतापुर। सेठ बृजकिशोर टण्डन सम्पत्ति ट्रस्ट समाज में उत्कृष्ट कार्य करने वाले बुजुर्गो को सम्मानित करेगा। यह जानकारी ट्रस्ट के अध्यक्ष शोभित टण्डन एवं सचिव हारिस कमाल अय्यूबी द्वारा जारी एक प्रेस विज्ञप्ति में दी गई है। उन्होंने बताया कि 3 जनवरी 2022 को सेठ बृज किशोर टण्डन के निवार्ण दिवस अवसर पर शहर में प्रतिष्ठित और समाज सेवा के द्वारा मिसाली काम करने वाले हरि प्रसाद रस्तोगी, केसी कपूर, सोमनाथ मेहरोत्रा, सबा बाराबंकी, जुगुल किशोर टण्डन, राधे लाल शुक्ल, बद्र सीतापुरी और रश्मि मेहरोत्रा के नाम सम्मान सूची में सम्मिलित किये गए हैं। कार्यक्रम आयोजक खुश्तर रहमान खाँ ने बताया कि इस अवसर पर जनपद के अन्य गण्मान्य लोग भी उपस्थित रहेंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता वयोवृद्ध शहरी कामेन्द्र टण्डन करेंगे। उन्होनें सभी आगन्तुकों से कोविड–19 के सन्दर्भ में शासन स्तर पर जारी दिशा.निदेर्शों का पालन करने का भी आग्रह किया है।

# जानलेवा हमले के मुख्य आरोपी को तमंचा समेत किया गिरफ्तार

हरदोई।। अरवल थाना क्षेत्र के बारी गांव में बीते 21 दिसंबर की रात मामूली विवाद में युवक को गोली मारकर घायल करने के मामले में अरवल पुलिस ने 11 दिन बाद मुख्य आरोपी को तमंचा समेत गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। अरवल थाना क्षेत्र के बारी गांव निवासी अनुज 25 पुत्र राकेश कुमार सिंह गुड्डू 21दिसंबर की रात अपने दरवाजे पर मौजूद था।तभी गांव के अनिरुद्ध सिंह,नरसिंह,राहुल व सोमेंद्र शराब पीकर आये और गाली गलौज करने लगे। अनुज के मना करने पर आरोपियों ने अफलहो से फायरिंग शुरू कर दी। जिसमें अनुज को दाहिने पैर मे गोली लगने से वह गंभीर रूप से घायल हो गया था। जिसका ट्रामा सेंटर लखनऊ में इलाज चल रहा है।घायल के पिता राकेश की तहरीर पर पुलिस ने चारों आरोपियों के खिलाफ जानलेवा हमले के तहत मुकदमा दर्ज किया था। अरवल थानाध्यक्ष राजपाल सिंह ने बताया कि नरसिंह व राहुल को को पहले ही गिरफ्तार कर जेल भेजा जा चुका है।जबकि मुख्य आरोपी अनिरूद्ध सिंह से कडाई से पूछताछ मे उसकी निशानदेही पर घटना में प्रयुक्त तमंचा एक कारतूस व एक के साथ बरामद किया। पुलिस ने ` उसे जेल भेज दिया है।

# परीक्षा केंद्र पर जेवर उतरवाने पर हंगामा

कानपुर। केंद्रीय शिक्षक पात्रता परीक्षा (सीटेट) नगर के 13 सेंटरों पर ऑनलाइन चल रही है। सुबह एक सेंटर पर बुंदे उतरवाने को लेकर हंगामा हो गया। महिला अभ्यर्थियों का कहना था कि प्रवेश पत्र में जिन चीजों को पहन कर जाने पर रोक है उसमें ज्वेलरी के बारे में कुछ नहीं लिखा है। बुंदे उतारने के बाद ही अभ्यर्थी को सेंटर में प्रवेश दिया गया। सीटेट 16 दिसंबर से शुरू हुई थी। हालांकि सर्वर प्रॉब्लम के चलते एक शिफ्ट और एक दिन की परीक्षा स्थगित कर दी गई थी। यह परीक्षाएं शेड्यूल के अनुसार 23 जुलाई तक चलनी हैं। रोज सेंटरों पर महिला अभ्यर्थियों से नाक की कील,बाली,बुंदे आदि उतरवाने को लेकर हंगामा हो रहा है। केशव पुरम स्थित एक ऑनलाइन सेंटर पर पहली जनवरी को सुबह 09:30 से 12 बजे की परीक्षा देने पहुंचीं अभ्यर्थियों ने काफी देर हंगामा किया लेकिन सेंटर पर तैनात लोग उनकी बात सुनने को तैयार नहीं हुए।

# शिकायतों का निस्तारण पूरी निष्ठा,निष्पक्षता एवं ईमानदारी से कराने का संकल्प लें:अविनाश कुमार

हरदोई। तहसील सदर में आहूत सम्पूर्ण समाधान दिवस की अध्यक्षता करते हुए जिलाधिकारी अविनाश कुमार ने उपस्थित समस्त जिला स्तरीय अधिकारियों को नव वर्ष की शुभकामनाएं देते हुए कहा, तहसील दिवस में आने वाले गरीब फरियादियों की प्राप्त शिकायतों का निस्तारण पूरी निष्ठा, निष्पक्षता एवं ईमानदारी से कराने का संकल्प लें।

सम्पूर्ण समाधान दिवस में पट्टा, चकरोड एवं अन्य सरकारी भूमि पर अवैध कब्जों के सम्बन्ध में प्राप्त शिकायतों के सम्बन्ध में राजस्व एवं पुलिस विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिये कि संयुक्त टीम बनाकर अवैध काबिज समस्त सरकारी भूमि को कब्जा मुक्त कराये और कब्जा करने वाले लोगों पर एंटी भूमाफियां एक्ट के अर्न्तगत एफआईआर दर्ज कराकर जेल भेजें। निराश्रित, दिव्यांग एवं वृद्वावस्था पेंशन के प्राप्त शिकायती प्रार्थना पत्रों के सम्बन्ध में जिलाधिकारी ने संबंधित विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिये कि जिन पुराने पेंशनरों की पेंशन किसी कारण बन्द हो गयी है तो उसकी जांच कराकर सही तत्य के आधार पर पेंशन पुनः उपलब्ध करायें और पेंशन हेतु प्राप्त सभी नवीन प्रार्थना पत्रों की जांच कराकर स्वीकृत हेतु मुख्यालय को प्रेषित करें। अन्य विभागों की प्राप्त शिकायतों के निस्तारण हेतु जिलाधिकरी ने सम्बन्धित विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिये कि प्राप्त शिकायतों का निस्तारण निर्धारित अवधि में गुणवत्ता पूर्ण कराना सुनिश्चित करें। सम्पूर्ण समाधान दिवस में पुलिस अधीक्षक अजय कुमार ने राजस्व एवं पुलिस विभाग के अधिकारियों से कहा कि आगामी विधान सभा सामान्य निर्वाचन 2022 की गम्भीरता को ध्यान में रखते हुए अपने क्षेत्रों के बीट सिपाही एवं चौकीदारों के माध्यम से प्रत्येक दिन होने वाली गतिविधियों की जानकारी रखें और असमाजिक, अराजक एवं अपराधिक व्यक्तियों को पाबंद करायें और गांव के गरीब, असहाय लोगों को परेशान करने तथा धमकी आदि देने वालों के विरूद्व जानकारी प्राप्त होते ही तत्काल कार्यवाही करें। समाधान दिवस में मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा, उप जिलाधिकारी सदर दीक्षा जैन,एसओसी चकबन्दी बीएन उपाध्याय,तहसील सदर सहित समस्त जिलास्तरीय अधिकारी, बीडीओ,सीडीपीओ, थानाध्यक्ष उपस्थित रहे।

# निगरानी दस्ते का आगाज होते ही पिहानी में चोरी हुआ ट्रक

हरदोई।एसपी द्वारा नव वर्ष की पहली तारीख को 24 थानों में 24 बाइकों पर 48 तेजतर्रार सुरागरस जवानों की तैनाती का औपचारिक शुभारंभ किया गया है और उधर हर माह की 30 तारीख को पिहानी कोतवाली निरीक्षक दिलेश कुमार सिंह कोतवाली में कुख्यात दुर्दांत हिस्ट्रीशीटर अपराधियों को बुलाकर हाजिरी लगाते हैं। मालूम हो कि वर्ष 2021 की अंतिम तारीख 31 दिसम्बर की रात कोतवाली पिहानी क्षेत्रांतर्गत ग्राम पंचायत खटेली निवासी जमुना सरन गुप्ता का ट्रक संख्या यूपी–30,टी–2585 हरियावाँ चीनी मिल से गन्ना पहुंचाकर देर रात समय तकरीबन 12 बजे ड्राइवर ने लाकर खटेली में खड़ा कर दिया था और अपने घर जाकर सो गया।नववर्ष 2022 की सुबह–सुबह जब वह सेन्टर जाने के लिए ट्रक खड़े किए स्थल पर गया तो वहाँ पर ट्रक खड़ा न देख मालिक को सूचना दी।मालिक ने स्थल पर पहुंचकर इधर–उधर आस– पास काफी खोजबीन के बाद वाहन चोरी होने की सूचना स्थानीय कोतवाली में दी।फिलहाल पुलिस ने मौके पर जाकर चोरी गए ट्रक की जानकारी में तथ्यात्मक विवरण और साक्ष्य जुटाना शुरु कर दिए हैं।

# बच्चों के विवाद चली लाठी, महिलायें घायल

जौनपुर। षाहगंज कोतवाली क्षेत्र के सहावै गांव में बच्चों को लेकर हुए विवाद में चले लाठी डंडे से दोनों पक्षों से युवती व महिला घायल हो गयी सूचना पर पहुची पुलिस ने दोनों को उपचार के लिए स्थानीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया । उक्त गांव निवासी सुनीता (45)पत्नी हरिराम के बच्चों का मामुली विवाद को लेकर पडोसी के बच्चों से मारपीट हो गई पुछ पुछाव को लेकर दोनों पक्षों के बीच जमकर चले लाठी डंडे से दूसरे पक्ष की ज्योति (21)पुत्री विनोद शर्मा भी घायल हो गयी सूचना पर पहुची पुलिस ने सभी को उपचार के लिए स्थानीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया ।

# ट्रेन के सामने कूदा, हालत गंभीर

जौनपुर। शाहगंज के रेलवे माल गोदाम के समीप देर शाम एक व्यक्ति ने ट्रेन के सामने कूदकर आत्महत्या का प्रयास किया गंभीर अवस्था में उपचार के लिए पुरुष चिकित्सालय लाया गया जहां हालत गंभीर देखते हुए चिकित्सकों ने उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया। रेलवे माल गोदाम के समीप देर शाम करीब साढे सात बजे एक 40 वर्षीय व्यक्ति खड़ा था इसी दौरान गुजर रही कोटा पटना एक्सप्रेस ट्रेन के सामने कूदकर आत्महत्या का प्रयास किया। गंभीर अवस्था में आरपीएफ व जीआरपी पुलिस ने उपचार के लिए पुरुष चिकित्सालय लाया जहां हालत गंभीर देखते हुए चिकित्सकों ने उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया जेब से मिले कागजात के आधार पर इसकी पहचान कमलेश (40) पुत्र अखंड प्रताप सिंह निवासी शेषपुर सरपतहां के रूप में हुई।

# सड़क हादसे में युवक की मौत

जौनपुर। सरायख्वाजा थाना क्षेत्र में एक बाइक सवार खड़ी ट्रक में घुस और उसकी मौत हो गयी। बताते है कि जमुहाई खोबरिया गांव निवासी घंनश्याम यादव का 32 वर्षीय पुत्र अजीत कुमार यादव पूर्वान्चल विश्व विद्यालय से घर आते समय मेडिकल कॉलेज के पास कल देर रात बाइक लेकर खड़ी ट्रक में पीछे से घुस गया । उसकी मौके पर मौत हो गई। 112 नंबर पुलिस ने 108 एंमबुलेंस की साहायता से जिला अस्पताल पहुंचाया जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस लाश को कब्जे में लेकर पोस्टर्माटम के लिए भेज दिया। मोबाइल और डायरी के पते पर परिजनों को सूचित किया। सूचना मिलते ही परिजनों एवं गांव वालों में शोक की लहर दौड़ गई।

# सर्दियों में पशुओं की करें विशेष देखभाल, रात में ढककर रखें पशुशाला : डॉ. पी के उपाध्याय

## नाक व आंखों से पानी आना सर्दी के हैं लक्षण

हरदोई। मौसम में रोजाना बदलाव हो रहे हैं और दिनों दिन सर्दी बढ़ती जा रही है। ऐसे में पशुओं को सर्दी से बचाने के लिए विशेष देखभाल की जरूरत है। खासकर दुधारू पशुओं में राशन की बढ़ोत्तरी की जाए और पशुशाला को रात में ढककर रखा जाये। यह बातें सीएसए के वैज्ञानिक डॉ. पीके उपाध्याय ने कही। चंद्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय (सीएसए) के पशुपालन एवं दुग्ध विज्ञान विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ पीके उपाध्याय ने पशु पालकों के लिए एडवाइजरी जारी करते हुए बताया कि सर्दियों में पशुओं के बचाव के लिए अतिरिक्त देखभाल की आवश्यकता होती है। जिससे पशुओं का स्वास्थ्य सही रखने के साथ ही साथ दुग्ध उत्पादन पर भी प्रभाव न पड़े। डॉ. उपाध्याय ने बताया कि पशुपालकों को इस समय सचेत रहने की आवश्यकता है इसके अतिरिक्त यदि पशुओं के नाक व आंखों से पानी आ रहा हो तथा पशु को सांस लेने में परेशानी हो रही हो व पशु कांपने लगा है तो पशुपालक को समझ लेना चाहिए कि पशुओं को निश्चित रूप से सर्दी लग गई है। उन्होंने सलाह दी है कि पशुओं को सीधी सर्दी से बचाने के लिए पशुओं को ऐसे स्थान पर रखें कि पशु को सीधे हवा का असर न हो। पशुशाला के हमेशा दरवाजे व खिड़कियों पर जूट के बोरे या प्लास्टिक के पर्दे लगा दें।

उन्होंने सावधान करते हुए बताया कि रात में पर्दे गिरा कर रखें व दिन में पर्दे समेट दें। जिससे दिन में पशुओं को सीधो सूर्य की धूप मिलेगी। पशुशाला में अधिक से अधिक गर्माहट रखी जाए। डॉक्टर उपाध्याय ने कहा है कि पशुशाला की साफ–सफाई तथा 2 या 3 दिन पर कीटाणु नाशक से धुलाई करें। पशुओं को सर्दी में अतिरिक्त ऊर्जा की आवश्यकता होती है इसके लिए 300 ग्राम गुड प्रति पशु प्रतिदिन अवश्य खिलाएं तथा हमेशा पशुओं को ताजा पानी पिलाएं ठंडा पानी कदापि न दें। इसके अतिरिक्त एक किलो अतिरिक्त दाना की भी आवश्यकता होती है। यदि पशुओं में अफरा रोग हो जाता है तो पशुओं को 400 से 500 ग्राम सरसों का तेल तथा 50 से 60 मिलीलीटर तारपीन का तेल पिलाने से आराम मिलता है। उन्होंने कहा पशुओं में यदि कोई समस्या हो तो निकटतम पशु चिकित्सक से अवश्य परामर्श करें।

# श्री बाला जी मन्दिर में बांटा गया नए साल में प्रसाद

उन्नाव। सिविल लाइन मोहल्ला स्थित श्री बालाजी मंदिर में अंग्रेजी नूतन वर्ष के उपलब्ध में सैकड़ों भक्तों ने मंदिर पहुंचकर हनुमान जी के दर्शन किए। श्री बालाजी मंदिर सेवा समिति की ओर से भंडारे का आयोजन किया गया प्रातः काल मंदिर महंत ने श्री बालाजी महाराज की आरती की उसके उपरांत हवन पूजन का आयोजन किया गया हवन के बाद भक्तों ने मिलकर सुंदरकांड का पाठ किया। जिसके उपरांत श्री बालाजी मंदिर भक्तों में भंडारे का प्रसाद का वितरण किया गया। अंग्रेजी नववर्ष में श्री बालाजी मंदिर में सुबह से लेकर शाम तक मंदिर दर्शन करने वाले भक्तों का तांता लगा रहा मंदिर भक्तों ने सर्वप्रथम श्री बालाजी महाराज के दर्शन किए दर्शन के उपरांत मंदिर पहुंचने वाले भक्तों ने मंदिर में वितरित हो रहे भंडारे का प्रसाद चखा। भंडारे के आयोजन में प्रमुख रूप से रामजी यादव, नरेश यादव, सिनोद यादव अवनींद्र पांडेय, राहुल, सनी, विनोद, शिवकुमार, सौरभ, अर्जित, शिवम आदि लोग मौजूद रहे।

हिन्दी दैनिक
बुद्ध का संदेश
समाचार पत्र
स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक श्रीमती पुष्पा शर्मा द्वारा बुद्धा प्रिन्टर्स, ज्योतिनगर, मधुकरपुर, निकट हीरो हौंडा एजेन्सी, सिद्धार्थनगर, 272207 उ.प्र. से मुद्रित एवं प्रकाशित।
आर.एन.आई. नं.- UPHIN/2012/49458
संस्थापकः- स्व. के.सी. शर्मा
सम्पादकः- राजेश कुमार शर्मा
इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी.एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी तथा इन से उत्पन्न समस्त विवाद जनपद सिद्धार्थनगर न्यायालय के अधीन ही मान्य होगा।
8795951917, 9453824459
ई-न्यूज पेपरः- www.budhakasandesh.com
E-Mail ID:. budhakasandeshnews@gmail.com

# फैटी लिवर के जोखिम कम करने में सहायक हैं ये एक्सरसाइज



फैटी लिवर एक बीमारी है, जो लिवर की कोशिकाओं में ज्यादा फैट जमा होने की वजह से होता है और इसमें लिवर सही तरह से काम करना बंद कर देता है। हालांकि, डाइट में बदलाव और रूटीन में कुछ एक्सरसाइज को शामिल करके इस बीमारी के जोखिम कम करने में काफी मदद मिल सकती है। आइए आज हम आपको कुछ ऐसी एक्सरसाइज के बारे में बताते हैं, जो फैटी लिवर के जोखिम को कम करने में सहायक हैं। कोबरा एक्सरसाइजः इस एक्सरसाइज के लिए सबसे पहले एक्सरसाइज मैट पर अपने दोनों हाथों को अपने कंधों के नीचे रखकर पेट के बल लेट जाएं। अब अपने हाथों से दबाव देते हुए अपने शरीर को जहां तक संभव हो सके, ऊपर उठाने की कोशिश करें। इस दौरान सामान्य तरीके से सांस लेते रहें। कुछ देर इसी अवस्था में बने रहें, फिर धीरे–धीरे सामान्य हो जाएं। कुछ देर बाद इस एक्सरसाइज को फिर से दोहराएं।

लंज के साथ स्पाइनल ट्विस्ट एक्सरसाइजः इस एक्सरसाइज को करने के लिए सबसे पहले जमीन पर सावधान मुद्रा में खड़े हो जाएं। अब बाएं पैर के पंजे को बाहर की तरफ करके घुटने से मोड़ते हुए बैठें और दाएं पैर को पीछे की तरफ एकदम सीधा कर लें। इस दौरान आपको कूल्हे में खिंचाव सा महसूस होगा। इसके बाद दाएं हाथ को जमीन पर रखें और बाएं हाथ को आसमान की ओर सीधा करें। इस अवस्था में कुछ मिनट रहने के बाद धीरे–धीरे सामान्य हो जाएं।

रिवर्स प्लैंक एक्सरसाइज

सबसे पहले जमीन पर पैरों को फैलाकर बैठ जाएं, फिर अपने दोनों हाथों को पीठ के पीछे ले जाएं और हथेलियों को जमीन पर रखें। इसके बाद सामान्य सांस लेते रहें और अपने शरीर को थोड़ा पीछे की ओर करते हुए शरीर को अपनी क्षमतानुसार उठाने की कोशिश करें। इस दौरान अपने सिर को भी पीछे की ओर झुकाएं और अपने तलवों को जमीन से सटाएं। कुछ देर इसी स्थिति में रहने के बाद धीरे–धीरे सामान्य हो जाएं।

माउंटेन क्लाइंबर एक्सरसाइजः माउंटेन क्लाइंबर के लिए सबसे पहले जमीन पर घुटनों के बल बैठें, फिर अपनी दोनों हथेलियों को जमीन पर रखें। अब अपने दोनों पैरों को पीछे की ओर सीधा कर लें। इसके बाद अपने दाएं पैर के घुटने को मोड़ें और इसे अपनी छाती की ओर लाएं। इसके बाद इसे सीधा करें। जब आप दाएं पैर को सीधा करें और अपने बाएं पैर के घुटने को अपनी छाती की ओर लाएं। कुछ मिनट तक ऐसे ही पैरों को चलाते रहें।

## शमशेरा का हिस्सा बनना किसी सपने से कम नहीं था:वाणी कपूर

अभिनेत्री वाणी कपूर इस बात से खुश है कि उनकी अगली फिल्म शमशेरा स्क्रीन पर आने के लिए तैयार है। वह कहती हैं कि आने वाली फिल्म का हिस्सा बनना किसी ड्रीम से कम नहीं था। 2021 के बारे में बात करते हुए, वाणी ने कहा कि एक कलाकार के



रूप में यह मेरे लिए एक शानदार वर्ष रहा है। चंडीगढ़ करे आशिकी ने मुझे दर्शकों का प्यार और सराहना दी। वाणी ने कहा, मैं वास्तव में सिनेमा की इस दुनिया में अपनी आगे की यात्रा की प्रतीक्षा कर रही हूं। वाणी वाईआरएफ की शमशेरा में रणबीर कपूर के साथ दिखाई देंगी, जो 18 मार्च, 2022 को रिलीज होने वाली है। उन्होंने कहा कि शमशेरा के रिलीज होने के साथ, मैं दर्शकों के लिए अपने अभिनय का एक और पक्ष लाने के लिए बहुत उत्साहित हूं। शमशेरा का हिस्सा बनना भी किसी सपने से कम नहीं था। वाणी ने अपने को–स्टार रणबीर कपूर की भी जमकर तारीफ की। वाणी ने कहा कि रणबीर कपूर मेरे सह–कलाकार है, उनकी क्षमता के अभिनेता के साथ काम करना बहुत ही खूबसूरत था। कुछ फिल्मों के बाद वाईआरएफ के साथ काम करना इसे और भी खास बनाता है। वाणी ने कहा कि मैं लोगों द्वारा शमशेरा देखने का इंतजार नहीं कर सकती और उम्मीद है कि एक टीम के रूप में हमने जो काम किया है उसकी सराहना होगी।




## सलमान ने किया बजरंगी भाईजान 2 का ऐलान, केवी विजेंद्र लिखेंगे स्क्रिप्ट



सलमान खान को यूं ही स्टारडम नहीं मिल गया है। उन्होंने बॉलीवुड को कई सुपरहिट फिल्मों की सौगात दी है। ऐसी ही एक फिल्म है बजरंगी भाईजान, जिसमें सलमान का अंदाज दर्शकों को पसंद आया था। काफी समय से इसके सीच्ल की चर्चा चल रही थी। अब खुद सलमान ने बजरंगी भाईजान 2 का ऐलान कर दिया है। इस फिल्म की पटकथा एसएस राजामौली के पिता केवी विजेंद्र प्रसाद लिखेंगे। अभिनेता सलमान ने मुंबई में आरआरआर के एक कार्यक्रम में प्रशंसकों के साथ यह खुशखबरी शेयर की है। बता दें कि आरआरआर की टीम अभी अपनी फिल्म को प्रमोट करने में व्यस्त है। आरआरआर की टीम को सपोर्ट करने के लिए सलमान उनके कार्यक्रम में पहुंचे थे। वह सीधे मुंबई एयरपोर्ट से इस कार्यक्रम के लिए रवाना हो गए थे। अब एक बार फिर बजरंगी भाईजान 2 में सलमान को देखना दिलचस्प होगा। आरआरआर 7 जनवरी को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। राजामौली ने फिल्म आरआरआर का निर्देशन किया है। फिल्म में जूनियर एनटीआर, राम चरण, आलिया भट्ट और अजय देवगन जैसे कलाकार अपनी उपस्थिति दर्ज कराएंगे। कुछ महीने पहले फिल्म के लेखक केवी विजेंद्र ने बताया था कि बजरंगी भाईजान 2 पर काम चल रहा है। उन्होंने कहा था, मैं बजरंगी भाईजान 2 की कहानी लिखने की कोशिश कर रहा हूं। मैंने कुछ समय पहले सलमान से भी अपना विचार साझा किया था। उन्हें मेरी इस फिल्म का आइडिया पसंद आया है। मैं सही तरीके से इस प्रोजेक्ट को आगे बढ़ाना चाहता हूं। उम्मीद है कि चीजें सही तरीके से चलेंगी। बजरंगी भाईजान 2015 में रिलीज हुई थी, जो पर्दे पर सुपरहिट साबित हुई थी। इस फिल्म का लेखन भी केवी विजेंद्र ने किया था। इस फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर 300 करोड़ रुपये का शानदार बिजनेस किया था। केवी विजेंद्र ने बाहुबली जैसी एतिहासिक फिल्म की कहानी भी लिखी थी। बजरंगी भाईजान में करीना कपूर, हर्षाली मल्होत्रा और नवाजुद्दीन सिद्दीकी मुख्य भूमिकाओं में थे। फिल्म का निर्देशन कबीर खान ने किया था। फिल्म की कहानी काफी दिलचस्प थी, जिसमें हर्षाली मल्होत्रा मुन्नी के किरदार में दिखी थीं। गूंगी लड़की मुन्नी भूलवश पाकिस्तान से भारत आ जाती हैं, जिसे सलमान पाकिस्तान में उनके परिवार से मिलाने का बीड़ा उठा लेते हैं। सलमान मास्टर की हिन्दी रीमेक में नजर आ सकते हैं। टाइगर 3 में भी सलमान अपनी मौजूदगी दर्ज कराएंगे। इस फिल्म में एक बार फिर कैटरीना कैफ के साथ उनकी जोड़ी नजर आएगी। वह शाहरुख खान की फिल्म पठान में भी अपनी मौजूदगी दर्ज कराएंगे। इसके अलावा वह बिग बॉस 15 को भी होस्ट कर रहे हैं। सलमान के कारण ही यह शो काफी समय से दर्शकों को लुभाता रहा है। बजरंगी भाईजान के बाद मुन्नी (हर्षाली) ने फिल्म नास्तिक में काम किया है। यह फिल्म 2018 में आई थी, जिसमें अर्जुन रामपाल मुख्य भूमिका में थे। हर्षाली को छोटे पर्दे पर कुबूल है और लौट आओ तृषा जैसे शोज में देखा गया है।

## ओमिक्रॉन के चलते टल सकती है अक्षय कुमार की फिल्म पृथ्वीराज की रिलीज

अक्षय कुमार और पूर्व मिस वर्ल्ड मानुषी छिल्लर की पीरियड ड्रामा फिल्म पृथ्वीराज 2022 की बहुप्रतीक्षित फिल्मों में से एक है। कोरोना महामारी के चलते पहले ही इस फिल्म की रिलीज में देरी हुई है। अब जबकि कोरोना वायरस के नए वेरिएंट ओमिक्रॉन ने देश में अपने पांव पसार लिए हैं तो इसका खौफ देख पृथ्वीराज की रिलीज डेट को एक बार फिर आगे बढ़ाया जा सकता है।

पृथ्वीराज के ट्रेलर की भी दर्शक बेसब्री से राह देख रहे हैं। 27 दिसंबर को ट्रेलर रिलीज होने वाला था, लेकिन यह तय तारीख पर रिलीज नहीं हुआ, जिसके बाद फैंस निराश हुए।

रिपोर्ट की मानें तो यह फैसला ओमिक्रॉन की वजह से बने हालात को देखते हुए लिया गया। यशराज फिल्म्स कोविड से उपजे तीसरी लहर के हालात पर नजर बनाए हुए है। फिलहाल ट्रेलर को कुछ दिनों के लिए टाल दिया गया है।

रिपोर्ट में कहा गया है कि पृथ्वीराज यूं तो 21 जनवरी को आएगी, लेकिन अगर चीजें पक्ष में नहीं दिखीं तो इस बात की काफी आशंका है कि इसकी रिलीज टल जाए। अगर सिनेमाघर नहीं बंद होते हैं तो फिल्म आने की संभावना रहेगी, लेकिन हालात बिगड़े और सिनेमाघर बंद करने पड़े तो शायद पृथ्वीराज की रिलीज टाल दी जाए। हालांकि, अभी इस बारे में कुछ कहना जल्दबाजी होगी। निर्माता फिलहाल हालात का मुआयना कर रहे हैं।

वैसे हालात तो सिनेमाघरों के पक्ष में नहीं हैं। यशराज पहले भी बंटी और बबली 2 से बॉक्स ऑफिस पर बड़ा नुकसान उठा चुका है। बैनर नहीं चाहता कि पृथ्वीराज जैसी बड़ी फिल्म से टिकट खिड़की पर लगातार दूसरा झटका मिले। यशराज फिल्म्स ने अपने इतिहास में पहली बार पीरियड ड्रामा बनाई है। फिल्म में अक्षय ने पृथ्वीराज चौहान की भूमिका निभाई है, जबकि मानुषी, संयोगिता के किरदार में हैं। संजय दत्त और सोनू सूद भी फिल्म का हिस्सा हैं।

जनवरी में पृथ्वीराज ही नहीं, दूसरी फिल्मों भी रिलीज होने वाली हैं। जनवरी के पहले हफ्ते में एसएस राजामौली की फिल्म आरआरआर, और 14 जनवरी को प्रभास की राधे श्याम रिलीज होने जा रही है। जॉन अब्राहम की फिल्म अटैक 28 जनवरी को रिलीज होगी।



# कपड़े पर लग जाए हेयर डाई तो इन घरेलू नुस्खों की मदद से छुड़ाएं दाग



अगर सिर पर हेयर डाई लगाते समय कपड़े पर गिर जाती है तो इसके दाग साफ करने के लिए काफी मशक्कतें करनी पड़ती हैं। वहीं, जिनसे से कपड़ा साफ नहीं होता, वो इसे फेंक देते हैं। हालांकि, अगर आपके किसी कपड़े पर हेयर डाई लग गई है तो आपको उसे फेंकने की जरूरत नहीं है क्योंकि आप चाहें तो कुछ घरेलू नुस्खे अपनाकर उसके दाग को आसानी से छुड़ा सकते हैं। आइए ऐसे ही कुछ घरेलू नुस्खे जानते हैं।

हाइड्रोजन पेरॉक्साइड आएगा कामः हाइड्रोजन पेरॉक्साइड का इस्तेमाल करके आप बहुत आसानी से कपड़े पर लगे हेयर डाई के दाग साफ कर सकते हैं। इसके लिए सबसे पहले एक कटोरी में एक से दो चम्मच हाइड्रोजन पेरॉक्साइड के साथ एक चम्मच नींबू रस का अच्छे से मिलाएं। अब इस मिश्रण को कपड़े की दाग से प्रभावित जगह पर लगाकर पांच से सात मिनट के लिए ऐसे ही छोड़ दें। समय पूरा होने के बाद कपड़े को सामान्य तरीके से धोकर सुखा दें।

सफेद सिरके का करें इस्तेमाल

कपड़े से हेयर डाई के दाग हटाने में सफेद सिरका आपकी काफी मदद कर सकता है। इसके लिए एक बाल्टी गर्म पानी में दो बड़ी चम्मच सिरका मिलाएं, फिर दाग वाले कपड़े को 25–30 मिनट के लिए इसमें भिगो दें। इसके बाद कपड़े को इस मिश्रण से निकालें और धोकर सुखा दें। अगर एक बार में दाग न जाए तो इस प्रक्रिया को फिर से दोहराएं।

ब्लीच भी है कारगरः अगर आपके किसी सफेद कपड़े पर हेयर डाई के दाग लग गए हैं तो उन्हें साफ करने के लिए आप ब्लीच का इस्तेमाल भी कर सकते हैं। इसके लिए आधी बाल्टी पानी में एक–दो चम्मच ब्लीच मिलाएं, फिर डाई लगे कपड़े को 30–45 मिनट के लिए इसमें भिगो दें। इसके बाद कपड़े को बाहर निकालें और इसे सामान्य तरीके से धो लें। इससे दाग आसानी से चले जाएंगे। इस मिश्रण का इस्तेमाल करते समय हाथों में ग्लव्स जरूर पहनें।

रबिंग अल्कोहल है प्रभावीः कपड़े से किसी भी तरह के जिद्दी दाग हटाने के लिए रबिंग अल्कोहल का इस्तेमाल किया जा सकता है क्योंकि यह एक अच्छा क्लीनिंग सॉल्यूशन है। अगर आपके किसी कपड़े पर हेयर डाई के दाग लग गए हैं तो दाग वाली जगह पर रबिंग अल्कोहल की कुछ बूंदे डालकर 10–15 मिनट के लिए कपड़े को ऐसे ही छोड़ दें। इसके बाद गुनगुने पानी से कपड़े को धोकर सुखा दें। इससे दाग आसानी से साफ हो जाएगा।